राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

वर्ष 1, अंक 160, पेज 8, मूल्य 1 रुपये सोमवार, 26 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

शहर मैं जमकर उड़ाई जा रही आदर्श चुनाव आचार संहिता की धज्जियाँ

Page 5



## नशे के कारोबार को ध्वस्त करने का अमित शाह ने बताया तरीका, कहा- 'टॉप टू बॉटम' और 'बॉटम टू टॉप' अप्रोच अपनानी होगी



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं रणनीति के साथ देश इस समस्या से पार पा सकता है। शाह ने आज नवा रायपुर के एक होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास करने के चार सूत्रों पर जोर दिया।शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प किया है, जब देश की आजादी का 100 वां वर्ष मनाया जाएगा। धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ आबादी का संकल्प बन गया है। मेरा मानना है कि नशा मुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अवैध मादक पदार्थों का कारोबार ना केवल भारत के लिए एक चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। मेरा मानना है कि देश में लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है। अगर हम दृढ़ संकल्प और रणनीति के साथ लड़े तो हम यह लड़ाई जीत सकते हैं। मुझे कहने में झिझक नहीं है कि कई देश इसके खिलाफ अपनी लड़ाई हार चुके हैं। शाह ने कहा,मादक पदार्थों के अवैध व्यापार का उद्देश्य ना केवल युवाओं को बर्बाद करना है बल्कि मादक पदार्थों के व्यापार से उत्पन्न अवैध धन का उपयोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी किया जाता है। यह हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है कि कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति के साथ देश को नशा मुक्त बनाया जाए।केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की और कहा, छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के दुरुपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। छत्तीसगढ़ की सीमा ओड़िशा और आंध्र प्रदेश सहित सात राज्यों से लगती है, जहां से मादक पदार्थों की तस्करी की जाती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 4.98 प्रतिशत गांजे का नशे के लिए उपयोग किया जाता है जो राष्ट्रीय औसत 2.83 प्रतिशत से अधिक है, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ड्रग तस्कर अपना तरीका बदल रहे हैं और प्राकृतिक दवाओं से सिंथेटिक दवाओं की ओर जा रहे हैं, जिससे सबसे अधिक नुकसान होता है। उन्होंने मादक पदार्थों के व्यापार नेटवर्क को खत्म करने के लिए ऊपर से नीचे और हानीचे से ऊपर दृष्टिकोण के साथ वैज्ञानिक जांच पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। शाह ने कहा, यदि किसी छोटी सी दुकान में मादक पदार्थ का एक पैकेट मिलता है, तो हमें जांच करनी होगी कि यह कहां से आया और कहां बनाया गया। इस पूरी व्यवस्था की पृष्ठभूमि को खत्म करने के लिए हमें वैज्ञानिक तरीके से जांच करने की आदत डालनी होगी। हमें ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर का दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सभी पुनर्वास और नशा मुक्ति केंद्रों को हमारी लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। जो ड्रग्स लेता है, वह इस सिस्टम का शिकार है और जो ड्रग्स का कारोबार करता है, वह अपराधी है। इसे ध्यान में रखते हुए हमें नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। केंद्रीय मंत्री ने ड्रग डिटेक्शन रणनीति को मजबूत करने की बात कही और कहा कि ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ड्रोन के जरिए डिलीवरी और टेली हेल्थ सर्विस का इस्तेमाल नशीले पदार्थों के कारोबार में किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में एनसीबी के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है और ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई मजबूत हुई है। शाह ने कहा कि हम लड़ाई को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने में सफल रहे हैं, लेकिन अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है। राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर आए शाह ने बैठक की शुरूआत में नवा रायपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जोनल कार्यालय न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे क्षेत्र में अवैध ड्रग व्यापार की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमने हर राज्य में एनसीबी स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निलानंद राय तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**शाह ने कहा, 'अवैध मादक पदार्थों का कारोबार ना केवल भारत के लिए एक चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है।**

### बिहार में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों को बंद करने का फैसला जिलाधिकारियों के जिम्मे

बिहार सरकार ने शनिवार को जिलाधिकारियों (डीएम) को उनके क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर स्कूलों को बंद करने पर फैसला करने का जिम्मा सौंप दिया। इससे पहले शुक्रवार को पटना के पास सरकारी स्कूल के एक शिक्षक गंगा नदी में नाव से गिरकर तेज धारा में बह गए थे।अविनाश कुमार नामक शिक्षक नाव से अपने स्कूल जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। सरकार ने इस घटना के बाद यह आदेश दिया है। शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को भेजे एक संदेश में कहा, आपदा प्रबंधन नियमों के प्रावधानों के तहत, डीएम अपने क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर स्कूलों को बंद करने का निर्णय ले सकते हैं। इस बीच, लापता शिक्षक की तलाश जारी है। पटना जिले के फतुहा प्रखंड के रहने वाले शिक्षक का पता लगाने के लिए राज्य आपदा मोचन बल के कर्मियों को तैनात किया गया है।

### सिंगापुर में एक अहम वार्ता में भारत के चार केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी):** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रमुख क्षेत्रों में समग्र द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित एक अहम वार्ता में भाग लेने के लिए सिंगापुर जाएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, ये चारों मंत्री सोमवार को अपने सिंगापुर के समकक्षों के साथ भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज (आईएसएमआर) वार्ता के दूसरे चरण में भाग लेंगे। उम्मीद है कि इस गोलमेज बैठक में अगले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावित सिंगापुर यात्रा के लिए आधार तैयार किया जाएगा।

### झारखंड के हजारीबाग में पथराव के दौरान छह छात्र घायल

**हजारीबाग:** हजारीबाग जिले में शनिवार को एक सरकारी स्कूल के छात्रों और भूमि पर कथित अवैध कब्जा जाने वाले व्यक्ति के समर्थकों के बीच हुए पथराव में कम से कम छह छात्र घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना बरकठा थाना क्षेत्र के कोन्हरकोला पंचायत के श्रीजीत प्राथमिक विद्यालय में घटी। छात्रों ने आरोप लगाया कि स्थानीय निवासी इसराइल मियां ने स्कूल के प्रवेश द्वार की जमीन पर अतिक्रमण कर एक बड़ी दीवार बना दी है, जिससे कर्मचारियों और छात्रों को परिसर में प्रवेश करने में परेशानी हो रही है। बरकठा पुलिस थाने के प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने बताया, आज जैसे ही स्कूल खुला, सैकड़ों छात्र बेंच लेकर दीवार के पास जमा हो गए और इसे हटाने की मांग करने लगे। इस बीच, मियां के समर्थकों ने कथित तौर पर छात्रों पर पत्थर फेंके, जिसके बाद छात्रों ने भी पथराव किया। उन्होंने बताया कि पथराव में छह छात्र घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भोक्ता ने कहा, हमने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर मायावती का तंज, दोनों पार्टियों को 'दोगली सोच' वाला बताया



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने प्रयागराज में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन को लेकर कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी (सपा) पर रविवार को तंज कसते हुए उन्हें दोगली सोच वाले दल बताया और लोगों से उनके चाल और चरित्र को लेकर सजग रहने को कहा। उन्होंने साथ ही कहा कि उनकी पार्टी सपा एवं कांग्रेस जैसे दलों के साथ अब किसी भी चुनाव में कोई गठबंधन नहीं करेगी। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कल (शनिवार) प्रयागराज में संविधान सम्मान समारोह करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस ने संविधान के मुख्य निमार्ता बाबा साहेब को उनके जीते-जी एवं उनके देहांत के बाद भी भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं किया।मायावती ने कहा, हाहाबाबा साहेब के अभियान को गति देने वाले मान्यवर श्री कांशीराम का देहांत होने पर भी इसी कांग्रेस ने केंद्र में अपनी सरकार के रहते उनके सम्मान में एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया और न ही तत्कालीन सपा सरकार ने राजकीय शोक घोषित किया। इनकी ऐसी दोगली सोच, चाल, चरित्र से जरूर सजग रहें। पूर्व मुख्यमंत्री ने जातिगत जनगणना मामले में सवाल उठाते हुए कहा, केंद्र में भाजपा के सत्ता आने से पहले कांग्रेस ने अपनी सरकार में राष्ट्रीय जातिगत जनगणना क्यों नहीं कराई थी जबकि अब वह इसकी बात कर रही है, जवाब दें? बसपा हमेशा ही इसकी पक्षधर रही है, क्योंकि यह कमजोर वर्गों के हित में बहुत जरूरी है। राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना की मांग पर जोर देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा था कि देश के 90 प्रतिशत लोग व्यवस्था से बाहर हैं और उनके हित में कदम उठाये जाने की जरूरत है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा था, कांग्रेस के लिए जातिगत जनगणना नीति निर्माण की बुनियाद है।

## मनोहर लाल, राव इंद्रजीत और कृष्णपाल गुर्जर लड़ सकते हैं चुनाव, हाईकमान की हरी झंडी का इंतजार



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने हरी झंडी दी तो हरियाणा के अधिकतर भाजपा दिग्गज विधानसभा के चुनाव में ताल ठोंकते नजर आएंगे। प्रदेश चुनाव समिति की दो दिन चली बैठक में यह आम सहमति बनी कि राज्य में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने तथा कांग्रेस को सत्ता में आने से रोकने के लिए पार्टी के प्रमुख नेताओं का विधानसभा चुनाव लड़ना जरूरी है। प्रदेश चुनाव समिति ने तीनों केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल, कृष्णपाल गुर्जर और राव इंद्रजीत के साथ सभी सांसदों, राज्यसभा सदस्यों तथा पूर्व सांसदों के भी विधानसभा चुनाव लड़ने पर सहमति जताई है। केंद्रीय मंत्रियों, राज्यसभा सदस्यों, सांसदों और पूर्व सांसदों के लिए हालांकि अभी सीटें तय नहीं की गई हैं, लेकिन हाईकमान यदि उनके चुनाव लड़ने को मंजूरी प्रदान करता है तो वे अपनी-अपनी सीटों का फैसला स्वयं कर सकते हैं।प्रदेश चुनाव समिति ने विधानसभा सीटें चुनने का फैसला इन प्रमुख नेताओं पर ही छोड़ दिया है। इसी साल लोकसभा चुनाव हारे डा. अरविंद शर्मा, मोहन लाल बड़ौली, डा. अशोक तंवर और सुनीता दुग्गल को भी विधानसभा चुनाव लड़ाने की संस्तुति प्रदेश चुनाव समिति ने की है।अंबाला लोकसभा सीट से चुनाव हारी बंतो कटारिया ने विधानसभा चुनाव लड़ने से इन्कार किया है। पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, ओमप्रकाश धनखड़, कैप्टन अभिमन्यु, राव नरबीर, विपुल गोयल, कृष्ण कुमार बेदी, कविता जैन और मनीष ग्रोवर के भी विधानसभा चुनाव लड़ने की सिफारिश की गई है। यदि कोई नेता अपनी विधानसभा सीट बदलना चाहता है तो उसे केंद्रीय नेतृत्व से कारण बताकर अनुमति प्राप्त करनी होगी। भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, रामचंद्र जांगड़ा, कृष्ण लाल पंवार और किरण चौधरी को भी विधानसभा चुनाव लड़ने का इशारा किया गया है। पूर्व सांसद संजय भाटिया भी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

### बीएसएफ ने पंजाब में सीमा पार से ड्रोन के प्रवेश को रोकने के लिए अतिरिक्त बटालियन की मांग

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मादक पदार्थ और गोलाबारूद के साथ पाकिस्तान की ओर से पंजाब की सीमा में ड्रोन के प्रवेश को रोकने के लिए एक अतिरिक्त बटालियन तैनात करने की मांग की है। बीएसएफ के पास वर्तमान में, पंजाब की पाकिस्तान से लगी 500 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा की रक्षा के लिए लगभग 20 बटालियन हैं, जिनमें से 18 सीमा पर सक्रिय रूप से तैनात हैं, जबकि बाकी को अमृतसर में अटारी एकीकृत जांच चौकी और गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक में करतारपुर गलियारे की आवश्यकताओं के मद्देनजर तैनात किया गया है।एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पंजाब की पाकिस्तान से लगी सीमा पर 2019-20 के आसपास शुरू हुआ ड्रोन का खतरा अमृतसर और तरनतारन सीमावर्ती जिलों में अधिक बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पंजाब सीमा को बेहतर ढंग से सुरक्षित करने के लिए बीएसएफ की एक और बटालियन मांगी गई है। उन्होंने कहा कि यह अनुरोध केंद्रीय गृह मंत्रालय के विचारार्थ है। बीएसएफ के पंजाब फ्रंटियर के महानिरीक्षक अतुल फुलजेले ने हाल में कहा था कि पाकिस्तानी सीमा से मादक पदार्थ स्थल मार्ग के बजाय अब ड्रोन के माध्यम से हवाई मार्ग से पंजाब भेजे जा रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अब तक सुरक्षा एजेंसियों द्वारा 120 से अधिक ड्रोन बरामद किए गए हैं, जबकि 2023 के दौरान ऐसे 107 ड्रोन जब्त किये गए थे। पंजाब और दिल्ली के अधिकारियों के अनुसार, बीएसएफ पंजाब की सीमा पर नदी क्षेत्रों की प्रभावी सुरक्षा के लिए और अधिक कर्मियों की तैनाती चाहता है। पंजाब सीमा पर रावी और सतलुज नदियों पर 48 पुलिया का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से 25 का काम पूरा हो चुका है।

## कृष्णजन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव से मनाये जाने के सीएम योगी ने दिए निर्देश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व से पूर्व सभी रिजर्व पुलिस लाइन, पुलिस थानों एवं कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे प्रदेश में घरों और मंदिरों के साथ-साथ पुलिस थानों, कारागारों और पुलिस लाइन में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया जाएगा।योगी ने प्रदेशभर में कृष्णलीला, झांकी और शोभायात्रा के आयोजनों के दौरान वहां सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारु रूप से करने के आदेश दिए हैं। इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के भी निर्देश दिए हैं। योगी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के महानिदेशक पीवी रामा शास्त्री ने प्रदेश के समस्त कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को परंपरागत रूप से मनाए जाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं धूम-धाम से मनाया जाता है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मथुरा नगर में स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि/शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यन्त संवेदनशील है। यह स्थल आईएसआई व विभिन्न आतंकवादी संगठनों के निशाने पर भी है। इसको देखते हुए भी विशेष सतर्कता एवं पुलिस बल का समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये गये हैं।बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना, शोभायात्रा के दौरान किसी भी तरह के विवाद की स्थिति न बने, इसको लेकर भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विवादित स्थलों पर झांकियों को सजाने, शोभायात्रा के मार्ग को लेकर अक्सर विवाद देखने को मिलते हैं। इसके लिए उन्होंने सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा को देखते हुए वीडियोग्राफी कराई जाए, सभी कार्यक्रम स्थलों के आसपास तथा शोभायात्रा के मार्ग पर स्थित सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील किया जाए और महत्वपूर्ण संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाए। योगी ने निर्देश दिए कि समस्त जनपदों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित समस्त आयोजन, लीला स्थल, पंडाल, मंदिर एवं शोभायात्राओं को सूचीबद्ध कर योजनाबद्ध तरीके से पुलिस की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि समस्त आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित संख्या का आंकलन करते हुए सुदृढ़ सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी नई परंपरा की अनुमति कदापि न दी जाए। योगी ने कहा कि अधीनस्थ कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि वे अपनी बीट में जाकर सभी प्रकार के विवाद की जांच करें और अधिकारी सूचना मिलते ही मौके पर जाकर विवाद को समय रहते हल कराएं।

## कोलकाता डॉक्टर रेप और हत्या मामला पर पीएम मोदी की सख्त टिप्पणी, राज्य सरकार से की ये अपील



**नई दिल्ली (एजेंसी):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कोलकाता कांड पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप है। इसी के साथ उन्होंने राजनीतिक दल और राज्य सरकारों से कहा कि दोषी कोई भी हो, वो बचना नहीं चाहिए। बता दें, पीएम ने महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित 'लखपति दीदी सम्मेलन' को संबोधित करने के दौरान ये बयान दिया है। पीएम मोदी ने कहा, 'आज मैं एक बार फिर देश के हर राजनीतिक दल से कहूंगा और राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप है। दोषी कोई भी हो, वो बचना नहीं चाहिए। उसको किसी भी रूप में मदद करने वाले बचने नहीं चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'अस्पताल हो, स्कूल हो, दफ्तर हो या फिर पुलिस व्यवस्था, जिस भी स्तर पर लापरवाही होती है सबका हिसाब होना चाहिए। महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए हमारी सरकार कानूनों को भी लगातार सख्त कर रही है। पीएम मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को सख्त से सख्त सजा देने के लिए लगातार कानून भी सख्त बना रही है। आज इतनी बड़ी संख्या में देश की बहनें-बेटियां यहां हैं। मैं आपको ये विशेष रूप से बताना चाहता हूं। पहले शिकायतें रहती थीं कि समय पर एफआईआर दर्ज नहीं होती, सुनवाई नहीं होती, मामलों में देरी होती है। हमने भारतीय न्याय संहिता में ऐसी अनेक रुकावटें दूर की हैं। महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार को लेकर इसमें एक पूरा अध्याय बनाया गया है। अगर पीड़ित महिलाएं थाने नहीं जाना चाहतीं तो वो घर से ही ई-एफआईआर दर्ज करा सकती हैं। हमने ये भी सुनिश्चित किया है कि थाना स्तर पर ई-एफआईआर से कोई छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा। पीएम ने आगे कहा, 'नए कानूनों में नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड और आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। पहले इसके लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं था। अब भारतीय न्याय संहिता में शादी के झूठे वादे और धोखे को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोकने के लिए केंद्र सरकार हर तरह से राज्य सरकारों के साथ है। हमें भारतीय समाज से इस मानसिकता को खत्म करके ही रुकना होगा। इसलिए, आज भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और इसमें महाराष्ट्र की बहुत बड़ी भूमिका है। महाराष्ट्र विकसित भारत का एक चमकता सितारा है। बता दें, आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी गयी थी। इस घटना को लेकर देशभर में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट मामले पर संज्ञान ले चुका है। सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है।

## कार्यकर्ताओं के परिश्रम से बनेगी, तीसरी बार भाजपा सरकार: डा. सतीश पूनिया



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** बूथ चलो अभियान के तहत फरीदाबाद पहुंचे प्रदेश प्रभारी डा.सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा बहुत वर्षों तक जातिवाद, परिवारवाद, क्षेत्रवाद और भ्रष्टाचार के चंगुल में जकड़ा हुआ था। पिछले 10 वर्षों में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और सीएम नायब सिंह सैनी ने एक मजबूत सरकार हरियाणा को दी, जिससे हरियाणा के विकास की अभिनव शुरूआत हुई। हरियाणा में जो बदलाव आया उससे प्रदेश और प्रदेशवासी मजबूत हुए। डा.पूनिया ने फरीदाबाद विधानसभा के ओल्ड फरीदाबाद मंडल में बूथ नंबर 85 पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना, कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और डोर टू डोर जनसंपर्क भी किया। डा. पूनिया ने पूर्व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं पूर्व जिला अध्यक्षों जगदीश गोयल और स्वर्गीय आर डी बंसल के परिवारों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और अनुसूचित जाति कार्यकर्ता गौरव चौहान के घर पहुंचकर कार्यकताओं के साथ भोजन किया । डा. पूनिया ने फरीदाबाद में बूथ कार्यालय खोलने का शुभारंभ करते हुए फरीदाबाद विधानसभा के बूथ 139 पर बूथ कार्यालय का उद्घाटन किया। पुनिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा का चुनाव किसी व्यक्ति या परिवार का चुनाव का नहीं है, यह प्रदेश के विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने का चुनाव है। कांग्रेस को 55 साल तक राज करने का मौका मिला, इसलिए कांग्रेस ने सोच लिया था कि राज करने का अधिकर सिर्फ कांग्रेस का ही है। 2014 में जनता ने कांग्रेस का भ्रम तोड़ा और इस बार भी तोड़ेगी। जनता हरियाणा में फिर से भाजपा की सरकार चाहती है और जनता के आशीर्वाद से हम तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनाएंगे।बूथ चलो अभियान के तहत फरीदाबाद विधानसभा के बूथ नंबर 85 पर बूथ की बैठक आयोजित की गई जिसमे प्रदेश प्रभारी डॉक्टर सतीश पूनिया, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, फरीदाबाद विधानसभा प्रभारी अनिल नागर, संयोजक प्रकाश-वीर नागर, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, शोभित अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, नीरज मित्तल, कुलदीप साहनी, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, प्रवीण चौधरी, गौरव चौहान, राज मदान, आभाष अग्रवाल, मंडल महामंत्री सुनील, संदीप बंसल, श्री चंद गौतम, मनोज कपिला, राहुल रात्रा, शारदा गर्ग, सुरेन्द्र सांगा, डी.पी जैन, प्रवीण लता कपिला, हेमा ठाकुर, नरेश अग्रवाल, सुरेन्द्र बतरा,शेखर आदि उपस्थित रहे। बैठक के बाद डा.पूनिया ने बूथ पर जन सम्पर्क अभियान में भाग लिया और बूथ पर घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की। श्री पूनिया ने कहा कि जनता ने नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाकर देश की बागडोर उनके हाथ में सौंपी और जनता के आशीर्वाद के दम पर पिछले 10 वर्षों में मोदी ने देश का चहुंमुखी विकास करने और देश के युवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्त करने का काम किया है।

# शहर में जम उड़ाई जा रही है आदर्श चुनाव आचार संहिता की धज्जियां

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** आगामी एक अक्टूबर को प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए राज्य चुनाव आयोग की तरफ से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। ताकि प्रदेश में निष्पक्ष तरीके से विधानसभा चुनाव आचार संहिता लागू हुई। लेकिन आम देखा जा रहा है कि कुछ राजनेतिक दलों और चुनाव लड़ने के इच्छुक सम्भावित उम्मीदवारों द्वारा आचार संहिता की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। शहर में रविवार को कई स्थानों पर कुछ राजनेतिक दलों द्वारा बिना अनुमति के बाइकों और अन्य वाहनों के साथ रैलियां निकाली गई। अनुमति के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास करने पर संबधित अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं कर पाए। वहीं दूसरी तरफ पिछले दिनों शहरभर में अवैध रूप से लगे राजनीतिक दलों के पोस्टर, बैनर होर्डिंग को



देखते हुए जिला चुनाव आयु के आदेश पर नगर निगम के एक एसडीओ को निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद नगर निगम के कर्मचारियों ने हरकत में आते हुए अवैध रूप से लगी राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री को हटाना शुरू कर दिया था। लेकिन निगम कर्मचारियों का यह प्रयास नाकाफी साबित नजर आ रहा है। क्योंकि शहर भर में चप्पे चप्पे पर अभी भी विभिन्न राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री अवैध रूप से बिना अनुमति के लगी हुई है।

नियमों के विरुद्ध बाइक रैली

चुनाव के दौरान लगने वाले आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनेतिक दलों की रैली, जनसभा और प्रचार से संबधित अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन अथवा जिला चुनाव आयोग से अनुमति लेना जरूरी होता है। हालांकि अभी तक शहर में चुनाव लड़ने के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। लेकिन इसके बावजूद विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों की तरफ से जमकर अपना अपना प्रचार किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को जजपा सुप्रीमो एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंता चौटाला की मौजूदगी में शहर में बाइक रैली निकाली गई। इस बाइक रैली को निकालने से पहले ली जाने वाली अनुमति के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए हमारे संवाददाता द्वारा थाना मुजेसर के प्रभारी को फोन किया गया। जिस पर उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि उन्हें इस रैली को निकालने की अनुमति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जिसके बाद सीटीएम अंकित से सम्पर्क करने के लिए फोन किया गया और संदेश भेजा गया। लेकिन उन्होंने न तो फोन रिसीव किया और न ही संदेश का कोई जवाब दिया। वहीं दूसरी तरफ एन नए राजनेतिक दल आरजेपी द्वारा भी रविवार की दोपहर को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में एक लम्बी चौड़ी रैली निकाली गई। जिसमें सैंकड़ों वाहन मौजूद थे। लेकिन इस रैली की अनुमति के संबंध में भी कोई जानकारी नहीं मिल पाई। अवैध प्रचार सामग्री से अटा शहर चुनाव नजदीक आने के साथ ही जिले से विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों ने जमकर शहर भर में अवैध रूप से प्रचार सामाग्री लगनी शुरू कर दी थी। जिससे शहर राजनेतिक दलों के साथ साथ अन्य सम्भावित प्रत्याशियों के पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स से पट गया था। इस संबंध में शिकायत मिलने पर जिला चुनाव आयोग के आदेश पर इसके लिए जिम्मेदार नगर निगम के एसडीओ सुमेर सिंह को निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद नगर निगम के कर्मचारियों ने शहर के कुछ हिस्से में दिखावे के लिए अवैध रूप से लगी चुनाव सामग्री को हटाना शुरू कर दिया। लेकिन शहर में अभी काफी बड़े हिस्से में अभी भी भारी तादाद में अवैध चुनावी प्रचार सामाग्री लगी हुई है। जो आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप का विधायक नीरज शर्मा को समर्थन

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह के पुत्र एवं बडखल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय प्रताप ने अपने फार्म हाउस पर पाली व पाखल गांव के सरपंचों सहित आसपास के 12 गांवों के लोग मौजिज लोगों की बैठक की। विजय प्रताप ने बैठक में उपस्थित सभी मौजिज लोगों से अपील करते हुए कहा कि विधायक नीरज शर्मा को ज्यादा से ज्यादा वोट दे। विजय प्रताप ने कहा कि भाजपा सरकार ने फरीदाबाद का विकास न तो कभी किया और न ही करने दिया। उन्होंने कहा कि नीरज शर्मा एनआईटी विधानसभा के विधायक बनेंगे और विधायक बनने के बाद यहां विकास कार्यों की लहर दौडेगी। उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी



सरपंचों व लोगों ने विधायक नीरज शर्मा को अपना पूर्ण समर्थन देने व पूर्ण बहुमत से विधायक बनाने का आशीर्वाद दिया। विजय प्रताप ने कहा कि यह एक छोटी बैठक थी, कुछ दिन पश्चात एक बड़ी बैठक का आयोजन भी किया जाएगा। विधायक नीरज शर्मा ने पिता समान पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह, विजय प्रताप व उपस्थित सभी मौजिज सरदारी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यहां उपस्थित सभी लोग उनका परिवार हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी का समर्थन पहले भी था और अबकी बार तन-मन-धन से रहेगा। नीरज शर्मा ने कहा कि हम सभी मिलकर फरीदाबाद में विकास करके इसे आगे बढ़ाएंगे क्योंकि भाजपा के दस साल के कार्यकाल में फरीदाबाद पिछड़ा चुका है। कांग्रेस सरकार आने के बाद पुनः युद्ध स्तर पर कार्य करवाए जाएगें इस मौके पर पाली गांव के सरपंच रघुवर, पाखल गांव सरपंच वेदपाल, गांव मोहबताबाद सरपंच पप्पू, सरपंच कर्मवीर, जिला पार्षद हरिंदर भड़ाना, नरेश भडाना, कैप्टन तेज सिंह, चरण सिंह, सरपंच विजयपाल, साजिद एडवोकेट, बिजेन्द्र भड़ाना, उधम भड़ाना, एडवोकेट विकास भड़ाना, एडवोकेट कन्हैया लाल सहित सैंकडों लोग उपस्थित रहे।

## राम मंदिर की तर्ज पर सजावट:



एनएच पांच स्थित बांके बिहारी मंदिर के प्रधान ललित गोसाई ने बताया कि इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिर में श्री राम मंदिर की झलक देखने को मिलेगी। श्री राम और बिहारी जी के सुंदर दर्शन कराये जाऐंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर में भजन संध्या का कार्यक्रम लाइव होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित भल्ला करेंगे। कृष्णपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, सीमा त्रिखा मुख्य रूप से मौजूद होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति होंगे। मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू किया जाएगा।

## 25 फुट झूला और गुफा:



तिकोना पार्क स्थित वैष्णो देवी मंदिर में इस बार पूजन शाम छह बजे से शुरू हो जाएगा। इसके बाद शाम साढ़े छह बजे से सुंदर झांकियों का शुभारंभ होगा। सुन्दर सुन्दर झकियां, कृष्ण भजन, कृष्ण जन्म झाकी, 25 फुट ऊँचा झूला, माँ कालका दर्शन, बाबा बर्फानी के दर्शन, 12 बजे मट्की और केक सेवा और रात्रि 12 बजे टीम रअफउ की तरफ से इक अदभुत नजारा जो आपने पहले कभी नही देखा होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का 25 फुट ऊंचा झूला बनेगा। इसके अलावा 31 हजार मोर पंखों में ठाकुर जी के दर्शन होंगे। रात पौने 12 बजे दही हांडी का कार्यक्रम होगा।

## आधुनिक रसखान हैं शरीफ आजम, उनके मंदिर में झूला झूलेंगे बाल-गोपाल- डॉ.आर एन सिंह



समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद

यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह ने बताया कि दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परम संत जय कृष्ण दास जी महाराज की अध्यक्षता में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन श्री राधा मोहन गौशाला, चौमुहाँ, वृन्दावन में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की खास बात यह होगी कि दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रभारी, फरीदाबाद निवासी शरीफ आजम द्वारा भेंट किए गए भव्य एवं मनमोहक मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान होंगे, झूला झूलेंगे, हजारों ब्रजवासी पूजा अर्चना करेंगे। दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परम संत जय कृष्ण दास महाराज तथा डॉ.आर एन सिंह ने शरीफ आजम की उन्मुक्त कंठ से प्रसंशा किए। संत जयकृष्ण दास महाराज ने कहा कि इससे समाजिक समरसता तथा आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलेगा।

# जन्माष्टमी के पर्व पर मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था होगी चाक चौबंद

**फरीदाबाद।** भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर फरीदाबाद में जगह-जगह सांस्कृतिक भक्ति कार्यक्रम, कृष्ण लीला झांकी व प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा अतिरिक्त बल के साथ ड्युटियां तैनात की गई है। शहर के प्रमुख 10 मंदिरों पर डीएफएमडी और एचएचएमडी सहित पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त, लॉ एंड ऑर्डर फरीदाबाद के साथ एक कंपनी महिला प्लाटून सहित रहेगी।पुलिस आयुक्त ओम प्रकाश नरवाल ने सभी थाना प्रबंधक व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चैन स्नैचिंग, झपटमारी इत्यादि घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाना सुनिश्चित करें, जिन-जिन स्थानों पर सा-



र्वजनिक भंडारा का आयोजन किया गया है, वहां पर भी पुलिस बल की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए आयोजकों से समन्वय बनाकर कार्य करें, साथ ही मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर उचित पुलिस बल तैनात करें। थाना व चौकी प्रभारी के साथ साथ पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी करने के साथ आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है, अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी व कानून व्यवस्था बनाए रखें रखने के लिए हर संभव उचित कदम उठाये जायेंगे। जिसके लिए फरीदाबाद पुलिस की तकनीकी सेल निरंतर कार्य कर रही है। मंदिरों व कार्यक्रम स्थलों के आसपास सिविल कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार ना हो। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त यातायात को प्रभारी नियुक्त किया गया है जिनकी देखरेख में उचित स्थानों पर ड्युटिया लगाई जाकर यातायात को सुचारू बनाया जाएगा।

## तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव प्रारंभ

समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद



सेक्टर 37 स्थिति महाशिव मंदिर में श्री गणेश एवं अन्य पौराणिक देवताओं का वैदिक मंत्रों द्वारा पूजन के साथ ही तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के भाव आयोजन का आरंभ हुआ। इस पूजन में महाशिव मंदिर सभा के पदाधिकारी एवं आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी शामिल हुए। पूजन अर्चन में प्रधान पीसी शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान बी बी शर्मा, महासचिव सुरेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी एस एन मिश्रा, कैशियर अजय गुप्ता, वरिष्ठ सहयोगी आरडी शर्मा ने यजमान बने एवं पं लक्ष्मी नारायण एवं पं नरेन्द्र ने आचार्य का दायित्व निभाया। इस अवसर पर महिला संकीर्तन मंडल, वैश्य अग्रवाल सभा, आर्य समाज समेत सभी सामाजिक संस्थाओं के सदस्य शामिल रहे। जन्मोत्सव का भव्य मंचन वृन्दावन की श्री कन्हैयालाल की प्रसिद्ध रासलीला मंडली कर रही है। मंचन में श्री नरसी भगत एवं श्री सुदामा चरित्र का मंचन हुआ। आज श्री कृष्ण के बाद लीलाओं का प्रसंग मंचित होगा। जन्माष्टमी के दिन यहां रास का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि एक बजे तक होने वाले इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग भाग ले रहे है। पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखा है।

## कोलकाता जैसी घटना पर हो कड़ी सजा और कार्यवाही





समाचार गेट ब्यूरो, फरीदाबाद

सराय ख्वाजा फरीदाबाद स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में महिला समानता दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। अभी हाल ही में कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में हुई घटना पर कठोरतम कार्यवाही की आवश्यकता है जिस से कोई भी ऐसा जघन्य अपराध करने से पहले सौ बार सोचे, ऐसी विकृत मानसिकता वाले लोगों को सभी समाज में रहने का कोई अधिकार नहीं मिलना चाहिए। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि महिला समानता दिवस को मनाने का विशेष उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ाना एवम उन्हें बढ़ावा देना है। साथ ही महिलाओं के प्रति बढ़ रहे अत्याचार, भेदभाव, महिलाओं के प्रति यौन अपराध, बलात्कार, एसिड अटैक, जैसे कई विषयों पर लोगों को जागरूक करना है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा तथा कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका सुशीला, शालिनी ने छात्र रेशमा, साधना, रागिनी, अंशिका और नागिमा को महिला समानता दिवस पर संदर अभिव्यक्ति के लिए सम्मानित किया।

## आज होंगे प्रकट दिन दयाला, यशोमत के हितकारी

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** शहर में चारों तरफ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम मची हुई है। शहर के सभी मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां पहले ही शुरू हो गई थी। वहीं कुछ मंदिर ऐसे भी है जिनमें कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर कुछ विशेष तैयारियां की गई है। इसके अलावा मंदिरो में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जन्माष्टमी नही प्रकट्य महोत्सवः

मुनिराज जी ने कृष्ण जन्मोत्सव के बारें मे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन को कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव नही प्रकट्य महोत्सव कहा जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान कभी जन्म नही लेते है, वे तो अजन्मे और अमर है व पांच विकारो से रहित है। वह दिव्य है। उन्होंने बताया कि कृष्ण प्रकट्य महोत्सव के दिन माता देवकी के सामने रात को 12 बजे भगवान प्रकट हुए तो देवकी जी ने कहा कि प्रभु आप मेरे गर्भ से प्रकट होना, तब माता को लगा कि गर्भ में है। लेकिन वह चार भुजाओं के साथ शिशु रूप में प्रकट हुए। माता देवकी के कहने पर भगवान कृष्ण ने बालक का रूप धारण किया। मुनिराज जी ने बताया कि ब्रज के अंदर कृष्ण प्रकट्य महोत्सव के अवसर पर खीरे के अंदर कृष्ण भगवान की मुर्ति को रखकर रात को 12 बजे उस खीरे को खोलकर उन्हें प्रकट किया जाता है।

भगवान गर्भ से पैदा नहीं होतेः

मुनिराज जी का कहना है कि भगवान कभी गर्भ से पैदा नही होते है। क्योंकि गर्भ को रोरव नरक की संज्ञा दी जाती है। जिस कारण से ईश्वर गर्भ में नही जाते है। उन्होंने बताया कि एक बार गर्भ ने भगवान से प्रार्थना की



थी कि मुझे सब रोरव नरक कहते है तो इस पर भगवान ने उन्हें वरदान दिया था कि कृष्ण जन्मोत्सव के दिन मैं गर्भ से प्रकट होकर तुम्हारी रोरव नरक की संज्ञा से स्वर्ग की संज्ञा मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि भगवान देवकी-वासुदेव और उतरा-परीक्षित के पुत्र के रूप में दो बार प्रकट हुए है। देवकी के गर्भ से प्रकट होने के कारण से इस दिन को जन्माष्टमी कहते है।

गोल्डन झूला और टैम्पलः

राधा सर्वेश्वर मंदिर में इस बार पूरे शहर से अलग नजारा देखने को मिलेगा। इसमें भगवान श्री कृष्ण का गोल्डन झूला और गोल्डन टैम्पल के दर्शन कराये जाएंगे। मुनिराज जी ने बताया कि इस दौरान कार्यक्रम शाम छह बजे से शुरू हो जाएगा। जिसके बाद रात नौ बजे से 12 बजे तक भजन कीर्तन होगा। 12 बजे भगवान का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर की सजावट के लिए और मंदिर में झाकियों के लिए कलाकार वृंदावन से बुलाये गए

## गांव कौराली में सरदारी ने विधायक राजेश नागर को किया सम्मानित

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** तिगांव विधायक राजेश नागर का गांव कौराली में जोरदार स्वागत हुआ। इस अवसर पर आयोजित सभा में जुटी सरदारी ने विधायक को पगड़ी पहनाई और दोबारा विधानसभा भेजने की बात भी कही। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि आप लोगों ने हमेशा ही मुझे बड़ा प्यार दिया है। आपके सहयोग से ही हरियाणा में दो बार और केंद्र में लगातार तीन बार भाजपा की सरकार बनी है। आप सभी एक अक्टूबर को कमल के फूल वाले बटन को दबाकर हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएंगे। इसका मुझे पूरा विश्वास है। नागर ने कहा कि आपने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनाकर यह जता दिया है कि आप विकास के साथ चलना चाहते हैं। अब इस हरियाणा की डबल इंजन की सरकार को भी तीसरी बार चांस



देना है।श्री नागर ने कहा कि आप लोगों ने विपक्ष का विधायक जीतने वाली स्थिति को बदला और हमारी सरकार ने क्षेत्र के विकास को गति दी। हमारी केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ऐसी सरकारें हैं जिनका उद्देश्य केवल जनहित है, अंत्योदय है। उन्होंने कहा कि दुनिया ने ऐसा पहला प्रधानमंत्री देखा है जो हर पल जनता के लिए सोचता है और हर महीने का निचोड़ मन की बात के जरिए जनता के साथ साझा करते हैं। आप लोगों ने हर बार सर्वाधिक मतों के साथ तिगांव का नाम ऊंचा किया हैए इस बार भी आप लोग अपना आशीर्वाद देना। इस अवसर पर सभा के संयोजक प्रमोद भाटी, राजेश सरपंच, देवी मैंबर, विक्रम पटवारी, नेपाल भाटी महामंत्री भाजपा तिगांव मंडल, जगपाल नंबरदार, देवी राम बघेल, सुरेश खलीफा, चंद्रपाल भाटी, संतरा रानी, कैप्टन सोहनपाल, सरपंच मुकेश,

कृष्ण पहलवान, अजीत भाटी, एडवोकेट नरेश भाटी, सरपंच सतबीर, सुरेंद्र बिधूडी, अजब चंदीला, विक्रम अधाना, उत्कर्ष गर्ग, कृष्ण हाडा, सरदार बलकार सिंह, राजेश भाटी, तेज सिंह अधाना, प्रभारी ललित नागर, तरुण अरोड़ा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## नेपाल में सड़क दुर्घटना में मारे गए 25 भारतीयों के शव विमान से भारत लाए गए

मुंबई। नेपाल के भरतपुर से 25 भारतीय तीर्थयात्रियों के शव लेकर भारतीय वायुसेना का एक सैन्य परिवहन विमान महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचा। काठमांडू से करीब 115 किलोमीटर दूर नेपाल के तनहुन जिले में शुक्रवार को एक बस दुर्घटना में भारतीयों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में 27 भारतीयों की मौत हो गई और दो लोगों के शव यूपी के महाराजगंज लाए जाएंगे। भारतीय वायुसेना ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा-नेपाल में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 25 भारतीय नागरिकों के शव हवाई मार्ग से लाने के लिए सी-130जे विमान तैनात किया। इसमें कहा गया है कि शवों को नेपाल के भतरपुर से जलगांव (महाराष्ट्र) लाया गया। भारतीय वायुसेना शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। भारतीय तीर्थयात्री दस दिवसीय दौरे पर नेपाल आए थे। इस दुर्घटना में 16 अन्य घायल भी हुए हैं। मध्य नेपाल में एक भारतीय पर्यटक बस शुक्रवार को राजमार्ग से पलटकर 150 मीटर नीचे नदी में गिर गई थी।

## इस्कॉन मंदिर में लाखों रुपए की पोशाक पहनेंगे कान्हा, विदेशी फूलों से होगा श्रृंगार

कानपुर। जन्माष्टमी को लेकर कृष्ण मंदिरों में तैयारी जोरों पर है। जन्माष्टमी को खास बनाने खास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कानपुर के इस्कॉन मंदिर में इस बार जन्माष्टमी को खास मनाने के लिए भगवान श्री कृष्ण के लिए 4.5 लाख रुपए की पोशाक वृंदावन से तैयार होकर आई है, जो श्री कृष्ण अपने जन्म उत्सव पर पहनेंगे। इतना ही नहीं विदेशी फूलों से भगवान का श्रृंगार किया जाएगा साथ ही 1008 व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इस्कॉन मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव रविवार शाम को शुरू होगा और यह एक सितंबर तक चलेगा। 26 तारीख को लोग भगवान के सुबह 4:30 बजे से रात तक दर्शन कर सकेंगे। एक सितंबर को भगवान श्री कृष्ण की छठी का आयोजन होगा। इस बार भगवान श्री कृष्णा वृंदावन से बनकर आई 4.5 लाख रुपए की खास पोशाक पहने हुए नजर आएंगे। इसके साथ ही उनके लिए थाइलैंड से ऑर्चिड, बेंगलुरु, पुणे और कई प्रदेशों से तरह-तरह के फूल साज सज्जा के लिए मंगाए गए हैं। इस्कॉन मंदिर के कोऑर्डिनेटर ने बताया कि जन्मोत्सव के दिन सुबह से ही विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 25 हजार चांदी के कलशों से भगवान का अभिषेक किया जाएगा फिर आरती की जाएगी। वहीं भगवान के लिए 1008 भोग तैयार किए जाएंगे। इतना ही नहीं लोग अपने घरों से भी विशेष साफ-सफाई के साथ भोग बनाकर लाएंगे। उनका भोग भी भगवान के सामने रखा जाएगा, तो करीब 11 हजार तक भोग भगवान को लगाए जाने की तैयारी की गई है।

## बारामूला में हुई मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर, सर्च अभियान जारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सेना ने सर्च अभियान जारी रखा है, इसी बीच बारामूला जिले में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। शनिवार को हुई इस मुठभेड़ से पहले वाटरगाम इलाके में भी सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हुई थी। मुठभेड़ के संबंध में अधिकारी ने बताया, कि सर्च के दौरान हुई गोलीबारी में जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। आतंकी के हथियार को मुठभेड़ स्थल से बरामद कर लिया गया है। फिलहाल मारे गए आतंकवादी की पहचान का पता लगाया जा रहा है। उक्त अधिकारी ने बताया कि सर्च अभियान इलाके में लगातार जारी है, जो आगे भी जारी रहेगा। यहां बतलाते चलें कि सेना, अर्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस सहित सुरक्षा बल मिलकर पिछले करीब 03 माह से जम्मू-कश्मीर में सर्च के साथ आतंकवाद विरोधी अभियान चला रखे हैं। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भी पूरे जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा सतर्कता बरती जा रही है। गौरतलब है कि पिछले 02 माह के दौरान आतंकवादियों ने डोडा समेत कठुआ, पुंछ, राजौरी, रियासी और उधमपुर जिलों में सेना, सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ घात लगाकर हमले करने की रणनीति बना रखी है। आतंकवादियों के हमलों को देखते हुए सर्च अभियान चलाया गया है। आतंकवादियों की तय कार्यप्रणाली, अचानक हमला कर जंगलों में गायब हो जाने के खिलाफ भी सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की है। सुरक्षा बलों के अधिकारियों का कहना ??है कि आतंकवाद विरोधी रणनीति कारगर साबित हो रही है।

## पटियाला में विदेशी लड़की गिरफ्तार, कर रही थी ड्रग्स की तस्करी

पटियाला। यहां एक नाइजीरियाई लड़की ड्रग्स के साथ पकड़ी गई है। जालंधर लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली इस लड़की को राजपुरा से गिरफ्तार किया है। नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध नाइजीरियाई लड़की बस या किसी अन्य वाहन के जरिए पंजाब में दाखिल होने की फिराक में खड़ी थी, तभी वह नाकाबंदी पर खड़ी पुलिस पार्टी को देखकर घबरा गई और एक वाहन से उतरकर वापस भागने लगी। पुलिस पार्टी ने उसे बहुत मुस्तैदी से काबू कर लिया। पुलिस पार्टी ने नाइजीरियन लड़की का नाम पूछा तो उसने घबराते हुए बताया कि वह जालंधर यूनिवर्सिटी में पढ़ती है और उसका नाम बर्निस चालेमा है। वह फिलहाल लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर, पटियाला में रहती है और नशीला पदार्थ बेचती है। डीएसपी हरमनप्रीत सिंह चीमा ने बताया कि डीआईजी पटियाला रेंज हरचरण सिंह भुल्लर के दिशा निर्देश पर इंस्पेक्टर किरपाल सिंह एसएचओ के नेतृत्व में थाना सदर राजपुरा की पुलिस ने बदमाशों और गुंडों को पकड़ने के लिए मुख्य जीटी रोड (राजपुरा से सरहिंद रोड) के सामने एजीएम रिसोर्ट बसंतपुरा में नाकाबंदी की हुई थी। कांस्टेबल परमजीत कौर ने जब गिरफ्तार छात्रा की जांच की तो उसके बैग में कोडिल-टी नशीली दवाओं की 45 शीशियां बरामद हुईं। पूछताछ में छात्रा ने यह भी बताया कि उसका भाई यूनिवर्सिटी में पढ़ता था और वहीं नशा बेचता था, जो अब कपूरथला जेल में बंद है। पुलिस अब इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## ये कौन सी बीमारी? बच्चे के शरीर पर फफोले बने और हो गई मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के दयालपुर में एक मदरसे में पढ़ रहे पांच वर्षीय लड़के की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई। बच्चे के शरीर में फफोले थे जिसका इलाज कराने मां अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब नौ बजकर 52 मिनट पर ब्रजपुरी मदरसे में लड़के की मौत के संबंध में सूचना मिली। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, लड़के की मां को बताया गया कि उसका बेटा बीमार है। वह उसे ब्रजपुरी में एक निजी अस्पताल लेकर गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि महिला अपने बेटे के शव के साथ मदरसा लौटी और वहां काफी भीड़ जमा हो गई। उन्होंने सड़क पर शव रख दिया और मदरसा प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बाद में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को जीटीबी अस्पताल के मुर्दाघर ले जाया गया। उसने मामले की उचित जांच का आश्वासन दिया जिसके बाद लोग वहां से हटे। पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में घरेलू सहायिका के तौर पर काम करने वाली लड़के की मां ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा पिछले पांच महीने से मदरसे में पढ़ रहा था। बच्चे का पिता उत्तर प्रदेश में रहता है और महीने में एक बार दिल्ली आता है। दंपति के दो और बच्चे- 10 साल का लड़का और आठ साल की लड़की है जो अपनी मां के साथ रहते हैं। पुलिस ने एक बयान में बताया कि शव की प्रारंभिक जांच में गर्दन, पेट और कमर पर बड़ी संख्या में छाले दिखाई दिए हैं।

## गुस्से में बोले अजित पवार- काट देना चाहिए ऐसे दरिंदों के प्राइवेट पार्ट

मुंबई। बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले पर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इससे आम जनता तो भड़की ही है नेताओं में भी गुस्सा चरम पर है। राज्य के डिप्टी सीएम अजीत पवार ने तो गुस्से में यहां तक कह दिया कि ऐसे दरिंदों के प्राइवेट पार्ट काट देना चाहिए। यवतमाल में महिलाओं के लिए महायुति सरकार की प्रमुख लड़की बहिन योजना के बारे में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना-एनसीपी सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोपी किसी को भी नहीं बख्शेगी। उन्होंने कहा, जो लोग हमारी लड़कियों पर हाथ डालते हैं, उन्हें कानून का ऐसा खौंफ दिखाना चाहिए कि वे दूसरी बार इसके बारे में सोचें भी नहीं। मेरी भाषा में, मैं कहूंगा कि उन्हें नपुंसक बना दिया जाना चाहिए, ताकि अपराध की पुनरावृत्ति न हो। इन लोगों के साथ ऐसा ही किया जाना चाहिए, जो इतने बेकार हैं।

# धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के कारण घरेलू आय में आई गिरावट

**-कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम ने केंद्र सरकार की तुलना शुतुरमुर्ग से की**



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर फिर हमला बोला है। कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि वेतन वृद्धि की धीमी गति और बेतहाशा महंगाई के चलते मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट आई है। कांग्रेस ने कहा कि शुतुरमुर्ग की तरह सरकार भी भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष खड़ी सबसे बुनियादी चुनौती के प्रति आंखें मूंद कर बैठी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि एक ब्रोकरेज फर्म की नई रिपोर्ट ने उस सच्चाई पर प्रकाश डाला है, जिसे मोदी सरकार नकारती रही है कि भारत में वास्तविक घरेलू आय में लगातार गिरावट आ रही है। धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के कारण वास्तविक मजदूरी या कहें कि आय में अभूतपूर्व गिरावट आई है।

उन्होंने आगे कहा कि कई सर्वेक्षण और डेटा, जिनमें अपंजीकृत उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण, आरबीआई के केएलईएमएस डेटा और घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण शामिल हैं, ने कामकाजी वर्ग के भारतीयों के बीच वित्तीय संकट को दर्शाया गया है। सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों समेत डेटा के कई स्रोतों ने इस बात के स्पष्ट प्रमाण भी दिखाए हैं कि श्रमिकों की खरीदारी करने की क्षमता आज दस साल पहले की तुलना में कम हो गई है।

रमेश ने कहा कि श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी 2014-2023 के बीच स्थिर रही। वहीं, साल 2019-2024 के बीच इसमें गिरावट आई है। उसके बाद कृषि मंत्रालय की कृषि सांख्यिकी पर नजर डालें तो डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में, खेतिहर मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल 6.8 फीसदी की दर से बढ़ी थी जबकि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में, खेतिहर मजदूरों की वास्तविक मजदूरी में हर साल माइनस 1.3 फीसदी की गिरावट आई। उन्होंने कहा कि आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण सीरीज में तो समय के साथ औसत वास्तविक कमाई 2017 और 2022 के बीच सभी प्रकार के रोजगारों, वेतनभोगी श्रमिकों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और स्व-रोजगार श्रमिकों में स्थिर हो गई है। वहीं, श्रम अनुसंधान एवं कार्रवाई केंद्र के मामले में साल 2014 और 2022 के बीच ईंट भट्ठा श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी या तो स्थिर हो गई है या घट गई। ईंट भट्ठों में काफी मेहनत लगती है और यह भारत के सबसे गरीब लोगों के लिए कम वेतन वाला आखिरी विकल्प होता है।

## जेल में मासूम बन रहा संजय रॉय, खुद को बता रहा बेगुनाह

कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में लेडी ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर का आरोपी संजय रॉय बहुत शातिर है। जेल में बंद संजय रॉय ने वहां के गार्डों से कहा कि वह पूरी तरह बेकसूर है। इस मामले से परिचित जेल अधिकारियों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संजय रॉय ने जेल के कुछ गार्ड्स से कहा कि उसे रेप और हत्या के बारे में कुछ भी नहीं पता है। कोलकाता पुलिस के मुताबिक संजय रॉय ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल के अंदर 31 साल की ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या करने की बात कबूल की थी। जबकि शुक्रवार को उसने सियालदह में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) अदालत के सामने अपने बेगुनाह होने का दावा किया। उसने जज से कहा कि उसने अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए रजामंदी दी थी। सीबीआई और पुलिस ने संजय रॉय के बयानों में भारी विरोधाभासी बातें पाईं। एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि वह जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। अधिकारी ने कहा कि वह अपने चेहरे पर लगी चोटों और अपराध के समय अस्पताल की इमारत में अपनी मौजूदगी के बारे में कोई सफाई नहीं दे सका। शनिवार को संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कुछ तकनीकी कारणों से रोक दिया गया था। शनिवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ। संदीप घोष और चार अन्य डॉक्टरों समेत छह लोगों का लाई डिटेक्टर टेस्ट किया गया। संजय रॉय को कड़ी सुरक्षा के बीच कोलकाता की प्रेसीडेंसी जेल के सेल नंबर 21 में रखा गया है। वह सेल में अकेले हैं। कड़ी निगरानी रखने के लिए उनके सेल के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। संजय रॉय की साइकोलॉजीकल प्रोफाइलिंग में पाया गया कि वह एक विकृत इंसान है और पोर्नोग्राफी का बहुत बड़ा आदी है। एक सीबीआई अधिकारी ने एक डॉक्टर के हवाले से कहा कि उसके अंदर एक जानवर जैसी प्रवृत्ति है।

## नशे के कारोबार को ध्वस्त करने का अमित शाह ने बताया तरीका,

# कहा- 'टॉप टू बॉटम' और 'बॉटम टू टॉप' अप्रोच अपनानी होगी

रायपुर (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं रणनीति के साथ देश इस समस्या से पार पा सकता है। शाह ने आज नवा रायपुर के एक होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास' करने के चार सूत्रों पर जोर दिया।



शाह ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प किया है, जब देश की आजादी का 100 वां वर्ष मनाया जाएगा। धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ आबादी का संकल्प बन गया है। मेरा मानना है कि नशा मुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, ''अवैध मादक पदार्थों का कारोबार ना केवल भारत के लिए एक चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। मेरा मानना है कि देश में लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है। अगर हम दृढ़ संकल्प और रणनीति के साथ लड़ें तो हम यह लड़ाई जीत सकते हैं। मुझे कहने में झिझक नहीं है कि कई देश इसके खिलाफ अपनी लड़ाई हार चुके हैं।'' शाह ने कहा, ''मादक पदार्थों के अवैध व्यापार का उद्देश्य ना केवल युवाओं को बर्बाद करना है बल्कि मादक पदार्थों के व्यापार से उत्पन्न अवैध धन का उपयोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी किया जाता है। यह हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है कि कतई बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति के साथ देश को नशा मुक्त बनाया जाए।'' केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की और कहा, ''छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के दुरुपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। छत्तीसगढ़ की सीमा ओड़िशा और आंध्र प्रदेश सहित सात राज्यों से लगती है, जहां से मादक पदार्थों की तस्करी की जाती है।'' उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 4.98 प्रतिशत गांजे का नशे के लिए उपयोग किया जाता है जो राष्ट्रीय औसत 2.83 प्रतिशत से अधिक है, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ड्रग तस्कर अपना तरीका बदल रहे हैं और प्राकृतिक दवाओं से सिंथेटिक दवाओं की ओर जा रहे हैं, जिससे सबसे अधिक नुकसान होता है। उन्होंने मादक पदार्थों के व्यापार नेटवर्क को खत्म करने के लिए 'ऊपर से नीचे' और 'नीचे से ऊपर' दृष्टिकोण के साथ वैज्ञानिक जांच पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। शाह ने कहा, यदि किसी छोटी सी दुकान में मादक पदार्थ का एक पैकेट मिलता है, तो हमें जांच करनी होगी कि यह कहां से आया और कहां बनाया गया। इस पूरी व्यवस्था की पृष्ठभूमि को खत्म करने के लिए हमें वैज्ञानिक तरीके से जांच करने की आदत डालनी होगी।

## रमीज के नाम की हो सकती है एनआईटी विधानसभा 86 से चुनाव लड़ने की घोषणा

समाचार गेट/ब्यूरो



फरीदाबाद। कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोऑर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल लुकमान रमीज अब चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। वह विधायक पद से अपनी दावेदारी दर्शा रहे हैं। कुछ ऐसा ही लुकमान रमीज ने समाचार गेट संवाददाता को बताया। विधानसभा चुनावों में वह एनआईटी 86 से विधायक का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। यदि पार्टी उन्हें टिकट देती है, तो वह जीत हासिल करके दिखाएंगे। कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोडिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल से लुकमान रमीज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सूत्रों की मानें तो टिकट बंट-वारे को लेकर अंतिम फैसला लिया जा चुका है। दो से तीन दिन में टि-कट की घोषणा होने की संभावना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लुकमान रमीज का इस बारे में कहना है कि राजनीतिक ताकत की बात करें तो मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस का ही रहा है। लुकमान का कहना है कि आचार संहिता लागू हो चुकी है, ऐसे में टिकट घोषित होने से चुनावी तैयारियों के लिए बहुत कम समय मिलेगा। जानकारी के लिए बता दे कि लुकमान रमीज अल्पसंख्यक करीब 50 हजार से भी ज्यादा वोटों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

सूत्रों के मुताबिक नीरज शर्मा, लुकमान रमीज, अब्दुल गफ्फार कुरैशी और जगन डागर के नाम में से किसी एक के नाम पर कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी मिल सकती है।

## सड़कों पर उतरे सितारे बोले- आरोपियों पर करें सख्त कार्रवाई

कोलकाता (एजेंसी)। आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार-हत्या की घटना में पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए पश्चिम बंगाल मोशन पिक्चर आर्टिस्ट फोरम ने टॉलीगंज में विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अभिनेता परमब्रत चटर्जी ने कहा कि 16 दिन बीत चुके हैं और इस दौरान कम से कम 5 अन्य बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। हम सभी जानते हैं कि बदलापुर, असम और मुजफ्फरनगर में क्या हुआ। मैं कोलकाता से हूं, इसलिए मैं कोलकाता प्रशासन से जवाबदेही की मांग करूंगा। आरजी कर घटना में शामिल सभी लोगों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। अभिनेता परमब्रत ने आगे कहा, बलात्कार का कारण बनने वाली मानसिकता में एक व्यवस्थित बदलाव की जरूरत है। जो लोग राजनीति करना चाहते हैं, वे ऐसा करेंगे। अगर प्रशासन यह कहना शुरू कर देता है कि सड़कों पर विरोध करने वाले सभी लोग राजनीति से जुड़े हैं, तो यह सही नहीं है... हम यहां किसी राजनीतिक बैनर के तहत नहीं हैं। हम न्याय के लिए यहां हैं। उन्होंने कहा, हमारे पांच लोगों का प्रतिनिधिमंडल कल सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीबीआई से मिलने गया था, लेकिन वहां से भी हमें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। हमारी एकमात्र मांग न्याय है। हमने सीबीआई से कहा कि हमारे चल रहे विरोध के पीछे का मकसद न्याय है, जो आपके हाथ में है क्योंकि आप सभी जांच अधिकारी हैं। इसलिए जितनी जल्दी आप हमें बता सकते हैं कि इसमें कौन शामिल था, हम अपने विरोध की दिशा तय कर सकते हैं। उन्होंने हमसे कहा कि बस उन पर भरोसा रखें। हमने समय सीमा के बारे में भी पूछा तो सीबीआई ने कहा कि यह संभव नहीं है लेकिन जितनी जल्दी हो सके, हम करेंगे।

# महाराष्ट्र में राजनीतिक कीचड़ के लिए शरद पवार जिम्मेदार: राज ठाकरे

**- सीएम शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस के खिलाफ उतारेंगे उम्मीदवार**



मुंबई (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव में भाजपा महायुति को बिना शर्त समर्थन देने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए एकला चलो रे का रुख अपनाया है। उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए अब तक अपने सात उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है. इस बीच मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के खिलाफ उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि राज्य में महाविकास अघाड़ी और महायुति की राजनीति सभी ने देखी है और अभी की राजनीतिक स्थिति मनसे के लिए अच्छी है। हम 288 सीटों में से करीब 175 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं. राज ठाकरे ने नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान किया कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नीस के खिलाफ उम्मीदवार उतारेंगे. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मनसे महायुति और महाविकास अघाड़ी में नहीं है। राज ठाकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना से सरकार को कोई फायदा होता नहीं दिख रहा है. लोग काम चाहते हैं, उन्हें काम दीजिए. वे मुफ्त पैसे नहीं मांगते. किसान मुफ्त बिजली नहीं मांग रहे हैं. वे इसे मुफ्त देते हैं क्योंकि उन्हें वोट चाहिए। राज ठाकरे ने इस बात की भी आलोचना की कि लोग टैक्स का पैसा बांट रहे हैं. यह कैसे हम बर्दाश्त करें? उन्होंने ये सवाल भी पूछा. हालांकि, राज ठाकरे ने मराठा आरक्षण और मनोज जारंगे पाटिल के आंदोलन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. राज ठाकरे ने कहा कि आरक्षण को लेकर स्थिति स्पष्ट है और मैंने पहले भी इसकी घोषणा की है.

### महाराष्ट्र में राजनीतिक कीचड़ के लिए शरद पवार जिम्मेदार

राज ठाकरे ने एक बार फिर एनसीपी शरद पवार गुट पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि एनसीपी के गठन के बाद से ही राज्य में विभाजन और जातिवाद की राजनीति शुरू हो गयी. उन्होंने आरोप लगाया कि आज राज्य में जो राजनीतिक कीचड़ है उसके लिए शरद पवार जिम्मेदार हैं. पुलोद सरकार की स्थापना के बाद से ही राज्य में हिंसा की राजनीति शुरू हो गई. एनसीपी का जन्म भी अराजकता से हुआ है. उन्होंने इस बात की भी आलोचना की कि उन्होंने जातिवाद का मुद्दा उठाया. राज ठाकरे ने कहा कि अब सभी राजनीतिक दलों को एक समान दर से नुकसान हो रहा है.

# एससीओ की बैठक अक्टूबर में, क्या पीएम मोदी जाएंगे पाकिस्तान?

**-पाकिस्तान चाहता है भारत का साथ, प्रधानमंत्री को दिया न्योता**

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए न्योता दिया है। यह बैठक इस साल अक्टूबर में इस्लामाबाद में होनी है और इस बैठक में एससीओ के सदस्य देशों के राष्ट्र प्रमुख हिस्सा लेंगे। हालांकि भारत और पाकिस्तान के संबंधों को देखते हुए इसकी कम ही संभावना है कि पीएम मोदी पाकिस्तान का दौरा करें। क्या पीएम मोदी अपनी जगह अपने किसी मंत्री को पाकिस्तान भेजेंगे या नहीं यह भी देखना होगा।

पाकिस्तान 15 व 16 अक्टूबर को एससीओ की बैठक की मेजबानी करेगा। एससीओ बैठक मेजबानी बारी-बारी से सभी सदस्य देशों को मिलती है। इसके तहत इस बार बैठक की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। एससीओ की राष्ट्र प्रमुखों की बैठक में पीएम मोदी शामिल होते रहे हैं, लेकिन इस साल कजाखस्तान में हुई बैठक में पीएम मोदी शामिल नहीं हुए थे क्योंकि यह बैठक देश में लोकसभा चुनाव के समय हुई थी। पीएम मोदी की जगह उस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हुए थे। अभी तक ये साफ नहीं है कि पाकिस्तान में होने वाली बैठक में नेताओं को वर्चुअल संबोधित करने की सुविधा मिलेगी या नहीं।

एससीओ में चीन, रूस के साथ भारत और पाकिस्तान सदस्य हैं। एससीओ में चीन का दबदबा है। चीन ने इसका इस्तेमाल बीआरआई को प्रमोट करने के लिए किया था। हालांकि भारत ने कभी भी चीन की इस परियोजना का समर्थन नहीं किया और बीते साल भी एससीओ के संयुक्त साझा बयान में भारत ने बीआरआई का जिक्र नहीं करने दिया था। एससीओ एकमात्र बहुपक्षीय संगठन है, जिसमें भारत और पाकिस्तान साथ काम करते हैं।

बता दें एससीओ एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता बनाए रखना है। 2001 में इसका गठन हुआ था। एससीओ चार्टर पर 2002 में हस्ताक्षर हुए और 2003 में इसे लागू किया गया। इस संगठन का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास और सद्भाव को मजबूत करना। राजनीति, व्यापार और अर्थव्यवस्था, अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रभावी सहयोग को बढ़ावा देना है। एससीओ के सदस्य देशों में चीन, रूस, पाकिस्तान, भारत, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाखस्तान शामिल हैं।



## धनौंदा में आयोजित होने वाले बाबा दयाल मेले में होगा रागनी कंपीटीशन

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव धनौंदा में बृहस्पतिवार 5 सितंबर को भादौ शुदी द्वितीया तिथि को बाबा दयाल मेले का आयोजन किया जायेगा। इस बारे में वेदपाल दहिया ने बताया कि मेले में खेलकूद प्रतियोगिता के आलवा रागनी कंपीटीशन व भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 5 सितंबर को 21 रुपए से लेकर 21 हजार रुपए तक की कुश्ति होगी। 4 सितंबर की रात के समय सुरेंद्र शर्मा, हरीश शर्मा, गीता चैधरी, बेबी सपना की ओर से रागनी कंपीटीशन के माध्यम से श्रोताओं का मनोरंजन किया जायेगा। 5 सितंबर की रात साढे आठ बजे से बाबूदान सिंह की ओर से रागनी प्रस्तुत की जायेगीं। मेले के मुख्यातिथ अतर लाल होगें। विशिष्ट अतिथि के रूप में गांव की महिला सरपंच बीनू देवी उपस्थित रहेगीं। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए मेला कमेटी के प्रधान ठाकुर रतन सिंह, उनकी टीम सहित पुलिस कर्मचारी नजर रखेगें।

## जिला स्तरीय दो दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता 27 से खेडी में

कनीना सुनील दीक्षित

खंड स्तरीय खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडी अब जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगें। ये दो दिवसीय प्रतियोगिता 27-28 अगस्त को कनीना खंड के गांव खेडी तलवाना स्थित स्कूल प्रांगण में होगी। होगी। फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में 14,17 व 19 आयुवर्ग के लडके एंव लडकियों की की प्रतियोगिता पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेडी तलवाना के खेल मैदान में आयोजित की जायेगीं। जिसमें महेंद्रगढ जिले के सभी पांच खडों की विजेता टीमें हिस्सा लेगीं। विद्यालय के प्राचार्य जयपाल सिंह ने बताया कि 27 अगस्त को लडके तथा 28 अगस्त को लडकियों की फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इन खेलों का शुभारंभ 27 अगस्त को सुबह 9 बजे जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चैहान द्वारा किया जायेगा।

# लोहारू की अनाज मंडी में आयोजित म्हारा हरियाणा-नॉन-स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली में गरजे मुख्यमंत्री नायब सैनी

सिवानी सोनिका सूरा



लोहारू। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को लोहारू की अनाज मंडी में आयोजित ह्लम्हारा हरियाणा-नॉन-स्टॉप हरियाणाह्न विशाल जन आशीर्वाद रैली के दौरान कांग्रेस पर जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ नहीं है, बताने के लिए कुछ नहीं है, वो लोग झूठ का सहारा लेकर के लोगों में भ्रम फैलाने का काम करते हैं। भूपेंद्र हुड्डा की सरकार में 2-2 रुपये के चेक देकर किसानों को अपमानित किया गया। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों का शोषण किया, भोले-भाले किसानों को दफा 4 और 6 का डर दिखाकर उनकी जमीन को कांग्रेस सरकार ने हड़प कर दिल्ली में बैठे दामाद को खुस करने का काम किया है।उन्होंने कहा कि लोहारू की अनाज मंडी में उमड़ी भीड़ में साबित कर दिया है कि रिकॉर्ड मतों से यहां कमल का फूल खुलेगा और तीसरी बार हरियाणा में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए नायब सैनी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस के नेता जनता को जवाब दे कि कांग्रेस सरकार में युवाओं को कैसे पर्ची और खर्ची के आधार सरकारी नौकरियां दी जाती थी। कांग्रेस के लोग इस बात का भी जवाब दे कि मिर्चपुर और गोहाना के दलितो के घरों को आग के हवाले करने का काम कांग्रेस सरकार में हुआ था। कांग्रेस की सरकार में किसानों पर गोलियां चलाई गई इसका जवाब भी कांग्रेस को जनता के बीच जाकर देना चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के समय में तो कर्मचारियों के ट्रांसफर भी भ्रष्टाचार के पैमाने पर होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 सालों में इतने काम किए हैं जिनसे कांग्रेस को तरह-तरह की पीड़ाएं हो रही है। श्री सैनी ने कहा कि मैने कालका के अंदर ऐपल मंडी के उद्घाटन के दौरान मैंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा से सवाल पूछे थे, लेकिन किसी ने भी आज तक कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जो काम करती है उसकी एक-एक पाई का हिसाब हर साल जनता के बीच जाकर देती है। श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास झूठ बोलने के अलावा कुछ नहीं बचा है। लोहारू की सरदारी के सामने अपने एक-एक दिन का हिसाब देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैने 12 मार्च से सेवा के रूप में कार्य शुरू किया था। अगर मैं 10 साल के कार्यों को बताने लगूं तो 8-10 घंटे लगेंगे जिसे सुनते-सुनते कांग्रेस के लोग थक जाएंगे, लेकिन हमारे किए हुए कामों को बोलते हुए हुए हम नहीं थकेंगे। श्री सैनी ने कहा कि 13 मार्च को हमने विधानसभा में विश्वासमत हासिल किया और 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई। 6 जून को आचार संहिता हटी तो पहला कार्य 7 जून को हमारी सरकार ने 84 लाख लोगों को जिनकी आय एक लाख रुपये से कम है हैपी कार्ड देकर किया। अब गरीब व्यक्ति फ्री में 1000 किलोमीटर की यात्रा रोडवेज की बसों में कर सकते हैं।मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के रोजगार देने का काम किया। हमने 50 हजार नौकरियां और देने का निर्णय लिया और लगातार इंटरव्यू लेकर युवाओं को रोजगार दिया। 9 जून को हमारी सरकार ने हरियाणा की एसी/बीसी वर्ग की धर्मशालाओं के नवीनीकरण के लिए एक ही कलम से 118 करोड़ रुपये जारी किए। 10 जून को हमारी सरकार ने 20 हजार लोगों को 100-100 गज के प्लॉट के कागज और कब्जा देने का काम किया किया। सीएम सैनी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने तो सिर्फ गरीब लोगों को लॉलीपॉप दिया था। ना तो कांग्रेस सरकार ने प्लॉट पर कब्जा दिया और ना ही प्लॉट के कागज दिए। अपने कामों को गिनवाते हुए नायब सैनी ने कहा कि गरीब घरों को मुफ्त बिजली देने की योजना के तहत हमारी सरकार ने उनकी छतों पर दो किलोवाटर तक सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। सोलर पैनल पर आने वाला 1 लाख 10 हजार का खर्चा मोदी और हरियाणा की डबल इंजन सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य गरीब लोगों को फ्री बिजली देना है। नायब सैनी ने कहा कि 17 जून को हमारी सरकार ने 20 लाख से ज्यादा गरीब परिवारों को बिजली के सरचार्ज से मुक्ति दिलाई। अब अगर कोई गरीब व्यक्ति 2 किलोवाट तक बिजली खर्च करता है तो उसके बिल पर कोई सरचार्ज नहीं लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 19 जून को हमारी सरकार ने श्रमिकों के लिए हितो के लिए बड़े निर्णय लिए।

कच्चे कर्मचारियों की नौकरियां सुरक्षित की, 2 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से 525 करोड़ रुपये किसानों के खातों में ट्रांसफर किएमुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 29 जून को ओबीसी वर्ग की क्रीमिलेयर की व्यवस्था 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख की है। 1 लाख 20 हजार कच्चे कर्मचारियों की नौकरियां को सुरक्षित करने का काम हैं।

## कार व बाईक की टक्कर में दंपति घायल

कनीना सुनील दीक्षित

नेसवा-बहाला लिंक मार्ग पर घटित सडक हादसे में दंपति बुरी तरह से जख्मी हो गए। इस बारे में नोसवा वासी गोविंद ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी निशु के साथ रक्षाबंधन के त्योंहार पर अपनी ससुराल बव्वा गया था। वहां से वापिस लौटते समय नोसवा-बहाला चैक बागोत पंहुचा तो तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। जिससे गिरकर वे बुरी तरह से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को रेवाडी के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। अस्पताल से स्वास्थ लाभ लेने के बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने हादसे के आरोपी चालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## मेहनपुर में जाहरवीर गोगाजी का मेला 27 को

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना खंड के गांव मोहनपुर नांगल में 27 अगस्त को जाहरवीर गोगाजी के धार्मिक मेले का आयोजन किया जायेगा। सुरजीत सिंह पंच ने बताया कि मेले में 26 अगस्त को वॉलीबॉल प्रतियोगिता करवाई जायेगी। उसके बाद 27 अगस्त को महिला एवं पुरूष की सर्किल कबड्डी, कुश्ति, लंबी कूद,उंची कूद, बच्चें व बुजुर्गों की दौड प्रतियोगिता करवाई जायेगी। मेले में सुबह 11 बजे से भंडारा भी होगा। जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा।

## अदालत द्वारा उद्घोषित किए गए एक आरोपी को किया गिरफ्तार।

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। एसपी गौरव राजपुरोहित के दिशा निर्देश में रेवाड़ी पुलिस के पीओ स्टाफ ने अदालत द्वारा उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2020 में थाना माडल टाऊन रेवाड़ी में दर्ज एक्सीडेंट के मामले में फरार चल रहा था। जिस पर माननीय अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन रेवाड़ी में अलग से अभियोग धारा 174 ए आईपीसी के तहत भी दर्ज किया गया है। जो इस मामले में पुलिस ने शनिवार को आरोपी संदीप उर्फ टाला को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर उन्नति कर रहा है: अरूण चतुर्वेदी

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी (जो रेवाड़ी जिले के चुनाव प्रभारी भी हैं) ने रविवार को बूथ नंबर 177 पर मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष डा0 वन्दना पोपली, रेवाड़ी के प्रवासी प्रभारी हर्ष यादव, पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम की संयोजक हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष पारिसा शर्मा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रेवाड़ी मंडल अध्यक्ष दीपक मंगला की रही।

सभी ने मिलकर मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेशनल स्पेस डे, हर घर तिरंगा अभियान से लेकर राजनीति में युवाओं की भागेदारी पर चर्चा की।

मन की बात कार्यक्रम के तुरंत बाद अरुण चतुर्वेदी ने बूथ अध्यक्षों व मंडल पदाधिकारियों की बैठक को भी संबोधित किया। उन्होने कहा कि भाजपा प्रत्येक बूथ पर बूथ कार्यालय खोल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के बूथ चलो अभियान के तहत सभी पदाधिकारी अपने-अपने बूथ पर जाए और मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान को सफल बनाए, क्योंकि बूथ जीता, चुनाव जीता।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डा0 वन्दना पोपली ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर उन्नति कर रहा है। उन्होंने बताया कि हमें गर्व होता है कि हमारे देश का नेतृत्व माननीय नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में है। जिन्होंने पूरे विश्व मे भारत के तिरंगे को सम्मान दिलाया है। उन्होने कहा कि भाजपा हर वर्ग का ध्यान रखती है। इस अवसर पर जिला महामंत्री सत्यदेव यादव व ईश्वर चनीजा, उपाध्यक्ष सुनील ग्रोवर, अमित यादव, सचिव नीरू भारद्वाज, पार्षद भूपेन्द्र गुप्ता, जिला सोशल मीडिया प्रमुख एडवोकेट नितेश अग्रवाल, आई टी प्रमुख नवीन शर्मा,

मीडिया सह प्रमुख प्रवीण शर्मा, जतिन, एससी मोर्चा अध्यक्ष रोहतास बाल्मिकी, संजय चौहान, नितिन चावरिया, रूचिका नागपाल, प्रेमराज, नीलाम्बरदत्त जैमिनी, सरोज सिक्का, रिंकू सैनी, गिरिश सिंगला, राजेश सैनी, नितिन गुप्ता, सोमेश सैनी, दीपा भारद्वाज, रेखा शर्मा, एडवोकेट मुकेश रंगा, अजय रंगा सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। थाना बावल पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।जांचकर्ता ने बताया कि बावल के मौहल्ला फकीरान निवासी अमर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी बावल के बनीपुर चौक पर स्टील स्टोर की दुकान है। दिनांक 22 अगस्त 2024 की शाम को उसने अपने ट्रैक्टर व ट्राली को अपनी दुकान के नजदीक बीयर फैक्टरी के सामने खडा किया था। रात्रि के समय कोई नामालूम चोर उसके ट्रैक्टर व ट्रॉली को चोरी करके ले गया है। जिस पर पुलिस ने थाना बावल में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने शनिवार को मामले में एक आरोपी राजस्थान जिला खैरथल के गांव कृष्ण नगर निवासी वीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## 27 अगस्त को गांव शादीपुर में गूगा नवमी पर होगा भंडारा व खेल कूद प्रतियोगिता

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। जिले के खण्ड नाहड़ स्थित गांव शादीपुर में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी समस्त ग्रामवासियों व आयोजन कमेटी की देखरेख में 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर स्वर्गीय भक्त भरत सिंह के शिष्य मनोहर लाल, इन्द्र कुमार एण्ड पार्टी द्वारा रात्रि में जागरण किया जाएगा एवं 27 अगस्त को गोगानवमी के विशाल मेले में देशी घी का भण्डारा व कुश्ती, दौड़ एवं रस्साकसी सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी एडवोकेट राज कुमार जलवा ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ तीन गांवों शादीपुर, जखाला एवं गुगोढ से श्रीजाहर वीर की छड़ी (निशान) के साथ पहुंचने वाले सैंकड़ों भक्तजनों की उपस्थिति में लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। विभिन्न मनोहारी साहसिक गतिविधियों का शुभारंभ अतिथि प्रमुख समाजसेवी विजय गुडियाणी, सतीश टुटेजा व सरपंच अंजू देवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर और रिबन काटकर किया जाएगा। मेले के समापन पर कुश्ती प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को मुख्य अतिथि द्वारा 11000 रुपए, द्वितीय को 3100 रुपए, तृतीय को 2100 रुपए तथा अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकृषक ईनाम वितरित किए जाएंगे ।

# बावल में कांग्रेस उम्मीदवारों की बनी ताश की गड्डी

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

हरियाणा में जैसे जैसे चुनाव नजदीक आता जा रहा और उम्मीदवारों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। दक्षिण हरियाणा में रेवाड़ी जिले की बावल विधानसभा सबसे रोचक होने जा रही है जहां 2-4 नहीं बलिक कांग्रेस की टिकट मांगने वालों की फेहरिस्त शायद हरियाणा में सबसे लंबी होगी। क्योंकि जिस प्रकार से ताश की गड्डी में 52 पत्ते होते हैं व 2 जोकर होते हैं इसी प्रकार बावल विधानसभा ताश की गड्डी बन गई है। जिसमे 52 उम्मीदवार अपना अपना प्रचार प्रसार कर रहे हैं। अब देखना होगा कि इन 52 पत्तों में से कौन तुरुप का इक्का साबित होगा। हम आपको बतां दे बावल में बाहरी उम्मीदवार भी आए हुए हैं जिनको लेकर नारा भी लग चुका है। दूसरे कई उम्मीदवार दूसरी पार्टियां छोड़ कर आए है उस पर अविश्वास का ठप्पा लगाया जा रहा है। तीसरे कुछ नए उम्मीदवार हैं जिन्हें बावल की जनता जानती ही नहीं। दो पूर्व मंत्री भी टिकट की दौड़ में हैं। जो सत्ता के जाते ही बावल की जनता के सुख दुःख से दूर रहे कभी कभी हल्के में कोई बड़ा कार्यक्रम होता था तो जरूर हाजिरी लगा देते थे। अब ये पूर्व मंत्री किस प्रकार से अपने आप को फिर से बावल की जनता में स्थापित कर पाएंगे या पार्टी इन पर दांव खेलेगी, ये तो समय ही बताएगा। सबसे पहले तो कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में ही झगड़ा होने के आसार नजर आ रहे हैं। एक सीट पर कई कई उम्मीदवार होंगे तो निश्चित रूप से टिकट वितरण में फूट हो सकती है। एक दूसरे के उम्मीदवार को हरवाने के संकेत भी दिए जा सकते हैं। इस बार महिलाओं की भी बावल में अच्छी खासी संख्या है। अब पुरुष को टिकट मिलती है या महिला को यह भविष्य की बात है मगर यह तय है कि अबकी बार कांग्रेस मे भी भीतर घात तय है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, कुमारी शैलजा व कांग्रेस संगठन कैसे चलेंगे चाल व किस को बनाएंगे तुरुप का इक्का। 52 उम्मीदवारों में कितने जोकर, कितने इक्के, कितने बादशाह, कितनी बेगम व कितने होंगे तुरुप के पत्ते व कौन बनेगा गुलाम

# जन्माष्टमी का त्योंहार हमारी गौरवशाली संस्कृति का संवाहक:राजेष कुमार

कनीना सुनील दीक्षित



त्योहार किसी भी देश एवं उसकी संस्कृति के संवाहक होते हैं। त्योहारों के कारण ही हमें अपनी प्राचीन गौरवशाली संस्कृति को जानने एवं समझने का अवसर प्राप्त होता है। त्योहार नहीं होते, तो हमें अपने देवी-देवताओं एवं महापुरुषों तथा उनके जीवन के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं होती। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भी सनातन धर्म मे विशेष महत्व है। उक्त विचार स्वतंत्रता सेनानी उतराधिकारी संगठन सदस्य मास्टर राजेश कुमार ने आज जन्माष्टमी कि पूर्व संध्या पर जन्माष्टमी कि महत्ता के बारे मे हुए व्यक्त किए। उन्होंने जन्माष्टमी के धार्मिक महत्व के बारे मे कहा कि श्रीकृष्ण भगवान विष्णु के आठवें अवतार माने जाते हैं। भगवान विष्णु ने भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि को देवकी एवं वासुदेव के पुत्र के रूप में जन्म लिया था। मान्यताओं के अनुसार, मथुरा नरेश कंस बहुत अत्याचारी था। वह प्रजा पर बहुत अत्याचार करता था। उसका नाश करने के लिए भगवान विष्णु ने मथुरा में जन्म लिया था। कहा जाता है कि कंस अपनी बहन देवकी से अत्यधिक स्नेह करता था। एक दिन वह अपनी बहन को लेकर कहीं जा रहा था, तब आकाशवाणी हुई कि जिस बहन से तू इतना स्नेह करता है उसी के आठवें पुत्र के हाथों तेरा वध होगा। इस भविष्यवाणी को सुनकर कंस बहुत भयभीत हो गया तथा उसने अपनी बहन एवं बहनोई को कारागार में बंद कर दिया। मृत्यु के भय के कारण उसने अपनी बहन के सात नवजात शिशुओं का वध कर दिया। देवकी के आठवें पुत्र के जन्म के समय मूसलाधार वर्षा हो रही थी तथा अंधकार व्याप्त था। श्रीकृष्ण का जन्म होते ही देवकी एवं वासुदेव की बेड़ियां खुल गईं। कारागार के द्वार भी स्वयं ही खुल गए तथा पहरेदार सो गए। वासुदेव उफनती हुई यमुना पार करके अपने पुत्र को गोकुल ग्राम में अपने मित्र नन्द के घर ले गए। वहां नन्द की पत्नी यशोदा ने एक कन्या को जन्म दिया था। नन्द ने श्रीकृष्ण को अपनी पत्नी के पास लिटा दिया और अपनी पुत्री वासुदेव को सौंप दी। जब वासुदेव कारागार आ गए तो सब कुछ पूर्व की भांति हो गया। शिशु के जन्म का समाचार प्राप्त होते ही कंस वहां आया तथा उसने कन्या को पटक कर मारना चाहा, किन्तु वह यह कहते हुए आकाश की ओर चली गई कि तुझे मारने वाला जन्म ले चुका है।श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के संस्कृतिक महत्व के बारे मे मा.राजेश बताते है कि भारत सहित विश्वभर के हिन्दू बहुल देशों में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस त्योहार पर मंदिरों की साज-सज्जा की जाती है। उनमें रंगोलियां भी बनाई जाती हैं। श्रद्धालु उपवास रखते हैं। वे पूजा-अर्चना करते हैं। सत्संग एवं कीर्तन भी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों का सामाजिक महत्व है। श्रीकृष्ण ने विश्व को प्रेम, करुणा, न्याय एवं सद्भाव का संदेश दिया। सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने के लिए इन्हीं गुणों की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। जन्माष्टमी भी इसी सद्भाव को बनाए रखने का संदेश देती है। वास्तव में जब एक परंपरा के लोग आपस में मिलकर कोई त्योहार मनाते हैं तो उनमें प्रेम एवं भाईचारे का संचार होता है। इसके अतिरिक्त यदि अन्य धर्म एवं पंथ के लोग इसमें सम्मिलित होते हैं, तो इससे सामाजिक सद्भाव, प्रेम एवं भाईचारा बढ़ता है। भारतीय संस्कृति भी ऐसी ही अर्थात सबको अपनाने वाली। हमारा आदर्श वाक्य ह्यवसुधैव कुटुम्बकम है अर्थात पूरा विश्व एक परिवार है। यह वाक्य सदैव से ही प्रासंगिक रहा है, क्योंकि यह वैश्विक स्तर पर सामूहिक कल्याण को प्राथमिकता देता है। यही भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है, जो इसकी महानता का प्रतीक है। हमें त्योंहारों को उत्साह तथा भाईचारे के साथ मनाने चाहिएं।

# विधानसभा चुनाव में हर घर तक पहुंचेगी मतदान की सूचनात्मक पर्चियां : जिला निर्वाचन अधिकारी

### डीसी ने दिए निर्देश- बीएलओ की जिम्मेवारी होगी पर्चियां वोटर को देने की

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया



रेवाड़ी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाताओं के घर द्वार तक मतदान की सूचनात्मक पर्चियां (वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप) भिजवाई जाएंगी। सभी बीएलओ को इस संदर्भ में निर्देश जारी किए जा रहे हैं। यह जानकारी डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 को मतदाताओं के सहयोग से सफल बनाया जाएगा। मतदान प्रतिशत बेहतर रहे इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर एक वोटर को उसके घर तक मतदान की सूचनात्मक पर्चियां भिजवा दी जाए। इस पर्ची से मतदाता को यह फायदा होता है कि उसे उसका बूथ नंबर, भवन का नाम, मतदाता सूची में वोटर क्रमांक आदि का पता चल जाता है। बूथ की मतदाता सूची से ही इन वोटर स्लिप को तैयार किया जाता है।

डीसी ने कहा कि मतदान की ये पर्ची मतदाता को प्रेरित करती है कि उसे अपने पोलिंग बूथ पर वोट डालने के लिए जाना है। चुनाव में कुछ उम्मीदवार भी अपने कार्यकताओं से पोलिंग बूथ के स्टाल पर चुनाव का निशान, नाम आदि छपवा कर वोटर स्लिप बंटवाते हैं। निर्वाचन आयोग के नियम अनुसार ये नियमों की अवहेलना है। मतदान के दिन बूथ पर केवल सादा सफेद कागज पर वोटर स्लिप दी जा सकती है। उसके सहारे कोई प्रत्याशी अपना प्रचार नहीं कर सकता।

डीसी ने कहा कि बीएलओ अपने बूथ की सूचनात्मक पर्चियों को खुद घर-घर तक पहुंचाएंगे। वे किसी भी राजनीतिक पार्टी के कार्यकताओं को पर्ची बांटने के लिए नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन किसी उम्मीदवार की स्टाल पर वोट की अपील करते हुए स्लिप पाई गई तो उस स्टाल को तुरंत हटा दिया जाएगा। डीसी ने उक्त आदेश की अनुपालना के लिए सम्बंधित निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए हैं।

## व्हाइट-बॉल सीरीज के समापन के बाद भारतीय टीम लंबे ब्रेक पर



नई दिल्ली (एजेंसी)। श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के समापन के बाद भारतीय टीम लंबे ब्रेक पर है। श्रीलंका के खिलाफ भारत के आखिरी वनडे मैच और बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बीच 42 दिन का अंतर है। थोड़े ब्रेक का आनंद लेने के बाद स्टार भारतीय खिलाड़ी कुछ गंभीर काम पर वापस लौटने का लक्ष्य रखेंगे।

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी केएल राहुल आगामी दुलीप ट्रॉफी और घरेलू टेस्ट सीजन की तैयारी के लिए नेट पर वापस आ गए हैं। क्रिकेटर अपने बल्लेबाजी और गेंदबाजी कौशल को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे ताकि बड़े घरेलू सीजन के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। केएल राहुल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसमें उन्हें बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया। यह संभव है कि राहुल बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हों। वीडियो में राहुल ने एक लॉफ्टेड स्ट्रेट ड्राइव खेला, जिससे दर्शक उनकी क्लास देखकर दंग रह गए। राहुल ने इस साल बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है क्योंकि वह पहले टेस्ट मैच के बाद इंग्लैंड सीरीज से बाहर हो गए थे। वह अपनी क्वाड्रिसेप्स टेंडन चोट के लिए विशेषज्ञ से परामर्श लेने के लिए लंदन भी गए, जिसके कारण वह श्रृंखला के बाकी मैच नहीं खेल पाए। वह आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए लौटे और 14 मैचों में 136.13 के स्ट्राइक-रेट से 4 अर्द्धशतकों के साथ 520 रन बनाने में सफल रहे।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने के लिए टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में राहुल को शामिल नहीं किया। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान राहुल भारतीय टीम में लौटे। केएल राहुल का फॉर्म उनके घरेलू सत्र में भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने केवल पहले 2 मैच खेले और 31, 0 के स्कोर दर्ज किए और तीसरे वनडे में उनकी जगह ऋषभ पंत को शामिल किया गया। दुलीप ट्रॉफी में राहुल शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम ए का हिस्सा हैं जो 5 सितंबर से बेंगलुरु में अपने पहले मैच में टीम बी का सामना करेगी।

## ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब पर नोवाक जोकोविच की निगाह



न्यूयॉर्क (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे नोवाक जोकोविच सोमवार से यहां शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता। उनके नाम पर 24 ग्रैंड स्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे।

इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है। जोकोविच ने कहा, 'लोग मुझसे पूछते हैं कि अब तो आपने स्वर्ण पदक भी जीत लिया है तो फिर अब हासिल करने के लिए क्या बचा है लेकिन मेरे अंदर अब भी प्रतिस्पर्धा करने की भावना है। मैं आगे भी इतिहास बनाना चाहता हूं और अपने करियर के इस दौर का पूरा आनंद लेना चाहता हूं।'

सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है। फेडरर ने 2004 से लेकर 2008 तक लगातार पांच खिताब जीते थे। जोकोविच को इस बार दूसरी वरीयता दी गई है। जोकोविच को स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कराज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है, लेकिन वह अमेरिकी ओपन में अपना पांचवा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पाकिस्तान के खिलाफ पहली टेस्ट जीत विशेष, बांग्लादेश के कप्तान हसन शंटो ने दिया बयान




रावलपिंडी (एजेंसी)। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो ने रविवार को पाकिस्तान पर अपनी टीम की पहली टेस्ट जीत को देश की मौजूदा परिस्थितियों में 'विशेष' करार दिया। पाकिस्तान पर 10 विकेट की जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में शंटो ने कहा, 'यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण जीत है क्योंकि पिछले महीने बांग्लादेश में हमारे लिए परिस्थितियां कठिन थी। वहां अब भी कुछ समस्याएं हैं, लेकिन बांग्लादेश में हम एक-दूसरे का समर्थन करते हैं और मुझे खुशी है कि इस जीत से उनके चेहरे पर थोड़ी मुस्कान आई है।'

उन्होंने कहा, 'हम अपने प्रदर्शन से खुश हैं और हम दूसरे मैच में भी अपने लोगों को और अधिक खुशी देना चाहते हैं। यह हमारे लिए विशेष जीत थी, विशेषकर यह देखते हुए कि हमने यहां की गर्म परिस्थितियों और पिच के साथ कैसे तालमेल बिठाया।' शंटो ने कहा कि उन्हें अंतिम दिन मैच जीतने का भरोसा था क्योंकि पिच पर खेलना मुश्किल होता जा रहा था और उनकी टीम के पास कुछ अनुभवी स्पिनर और अच्छे तेज गेंदबाज थे।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि शाकिब और मिराज ने आज परिस्थितियों को देखते हुए बहुत अच्छी गेंदबाजी की और हम जानते थे कि 90 रन की बढ़त के साथ पाकिस्तान अंतिम दिन दबाव में होगा।'

## आपकी खेल भावना और विशेष मुस्कान की कमी खलेगी, धवन के संन्यास पर बोले कोहली



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लंबे समय तक अपने साथी रहे शिखर धवन को भारत के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक करार दिया और कहा कि उनके उत्साह, खेल भावना और विशिष्ट मुस्कान की कमी खलेगी लेकिन उनकी विरासत हमेशा बनी रहेगी।

शीर्ष क्रम के प्रमुख बल्लेबाज धवन ने शनिवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। कोहली ने एक्स पर लिखा, 'शिखर, आपके पदार्पण पर साहसिक प्रदर्शन से लेकर भारत के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक बनने तक, आपने हमें अनगिनत यादें दी हैं। खेल के प्रति आपके जुनून, आपकी खेल भावना और आपकी ट्रेडमार्क मुस्कान की कमी खलेगी लेकिन आपकी विरासत हमेशा बनी रहेगी।'

## धवन को शुभमन सहित युवाओं के आने से अंदाज हो गया था कि अब वापसी संभव नहीं

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने शनिवार को खेल के सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा कर दी। धवन पिछले दो साल से टीम से बाहर चल रहे थे। उन्होंने भारतीय टीम की ओर से अपना अंतिम मैच पिछले साल 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। उसके बाद से ही वह टीम से बाहर चल रहे थे। पिछले कुछ समय में जिस प्रकार शुभमन गिल सहित, यशस्वी जायसवाल, ईशान किशन सहित युवा खिलाड़ियों ने टीम में अपनी जगह पक्की की है। उससे धवन को अंदाज हो गया था कि अब वह वापसी नहीं कर पायेंगे।

धवन के टीम इंडिया से बाहर होने के बाद ही शुभमन को सलामी बल्लेबाज के तौर पर अवसर मिला। शुभमन ने भी अवसर का भरपूर लाभ उठाते हुए अपने प्रदर्शन से टीम में जगह पक्की कर ली। वहीं ईशान किशन को उनके विकल्प के तौर पर रखा गया था। एकदिवसीय विश्व 2023 में भी रोहित के साथ गिल और ईशान ने पारी की शुरुआत की थी। रोहित के टीम में नहीं होने पर भी युवा बल्लेबाजों ने आसानी से उनकी जिम्मेदारी संभाल ली। ऐसे में धवन के लिए वापसी की कोई संभावना नहीं थी। कप्तान रोहित शर्मा और टीम प्रबंधन भी भविष्य को देखते हुए टीम चयनित कर रहे थे। जिससे धवन को संकेत मिल गये थे कि अब वह टीम प्रबंधन की योजनाओं में शामिल नहीं हैं। यशस्वी ने टी20 में जबरदस्त प्रदर्शन किया हालांकि उन्हें एकदिवसीय में अवसर नहीं मिला है। इसके अलावा साई सुदर्शन, अभिषेक शर्मा और रुतुराज गायकवाड़ जैसे सलामी बल्लेबाज भी रेस में हैं। इससे धवन की वापसी की उम्मीद पूरी तरह खत्म हो गई थी। धवन को टेस्ट में भारत के लिए अंतिम मैच खेलने का मौका 2018 में मिला था।

## सचिन ने मुंबई हाफ मैराथन को रवाना किया

मुंबई। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रविवार को यहां हुई मुंबई हाफ मैराथन के प्रतियोगियो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सचिन ने प्रतियोगिता के स्तर और उसके आगे बढ़ने पर खुशी जताते हुए कहा, यहां का माहौल बहुत ऊर्जावान और उत्साहवर्धक है। इसमें इस बार 20,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल थे। पिछले साल की तुलना में इस बार महिला प्रतिभागियों की तादाद में 10 फीसदी की बढ़त आई है। उन्होंने कहा, इस बार दृष्टिबाधित प्रतिभागी भी शामिल हुए। प्रतियोगियों में 1000 से अधिक स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। इसी लिए भी एक दौड़ आयोजित की गयी थी। सचिन के हरी झंडी दिखाने से प्रतियोगी बेहद उत्साहित नजर आये। सचिन खेल से सन्यास के बाद से ही सभी प्रकार के खेलो को आगे बढ़ने में योगदान दे रहे हैं। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक रन हैं। उन्होंने 664 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 34,357 रन और 100 शतक बनाए है।



## सचिन, धोनी और विराट से मिलना चाहती हैं मनु



चंडीगढ़। भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर की इच्छा भारतीय टीम के महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, महेन्द्र सिंह धोनी और विराट कोहली से मुलाकात करना है। मनु ने कहा है कि वह सचिन, धोनी और विराट के साथ एक दिन का समय बिताना चाहेंगी। मनु इन तीनों के अलावा जमैका के दिग्गज एथलीट उसैन बोल्ट से भी मिलना चाहती है। मनु ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीते थे। वह एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी हैं। मनु ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा, मैं अपने कुछ पसंदीदा खिलाड़ियों से मिलना चाहूंगी। उसैन बोल्ट उनमें से एक हैं। मैंने उनकी किताब कई बार पढ़ी है और मैं उनके खेल सफर को भी जानती हूं। मैंने उनके कई साक्षात्कार देखे हैं। इसके बाद मैं भारतीय क्रिकेटरों में सचिन, धोनी और विराट से मिलना पसंद करूंगी। इनमें से किसी के साथ भी एक घंटा बिताना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात होगी। मनु ने पेरिस ओलंपिक की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर इसी इवेंट की मिश्रित टीम स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया था। इसी के साथ मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं।

## जो रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले इंग्लिश क्रिकेटर बने, अब तेंदुलकर के रिकॉर्ड पर नजर



मैनचेस्टर (एजेंसी)। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच जीतने के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए हैं। जब इंग्लैंड का स्कोर 56/2 था तो रूट ने 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी क्लास, संयम और क्लच गेम का प्रदर्शन करते हुए 128 गेंदों में दो चौकों की मदद से नाबाद 62 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पहली पारी में 42 रन बनाए थे।

अब रूट के इंग्लैंड के लिए 64 अर्धशतक हो गए हैं जो उनकी टीम के किसी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा और कुल मिलाकर तीसरे सबसे ज्यादा हैं। वे सबसे ज्यादा टेस्ट अर्धशतकों की सूची में वेस्टइंडीज के शिवनारायण चंद्रपॉल (66 अर्धशतक) और भारतीय आइकन सचिन तेंदुलकर (68 अर्धशतक) से पीछे हैं।

यह रूट का चौथी पारी में 10वां पचास से अधिक का स्कोर भी था, जो खेल के इस चरण पर उनकी अपार महारत और नियंत्रण को दर्शाता है। उनसे आगे माइकल एथरटन, एलिस्टेयर कुक जैसे महान खिलाड़ी हैं जिन्होंने चौथी पारी में 11-11 अर्धशतक बनाए हैं। यह मैनचेस्टर में रूट का आठवां पचास से अधिक का स्कोर भी था जिससे वह टेस्ट क्रिकेट में इस स्थान पर सबसे अधिक पचास से अधिक स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

## युवा शटलर तन्वी पत्री ने जीता एशियाई अंडर-15 का खिताब




नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी तन्वी पत्री ने चीन के चेंग्दू में रविवार को खेले गए फाइनल में वियतनाम की थि थू हुयेन गुयेन को सीधे गेम में हराकर बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग में लड़कियों का एकल खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त 13 वर्षीय तन्वी ने 34 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में अपनी दूसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर 22-20 21-11 से जीत हासिल की। तन्वी इस जीत से सामिया इमाद फारूकी और तस्नीम मीर की सूची में शामिल हो गईं, जिन्होंने क्रमश: 2017 और 2019 में अंडर-15 लड़कियों का एकल खिताब जीता था। तन्वी ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा और उन्होंने जो पांच मैच खेले उनमें एक भी गेम नहीं हारा। फाइनल के पहले गेम में तन्वी एक समय 11-17 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद वियतनाम की खिलाड़ी ने कई गलतियां की जिसका फायदा उठाकर भारतीय खिलाड़ी पहला गेम अपने नाम पर करने में सफल रही। तन्वी ने दूसरे गेम में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया और मैच जीत कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस तरह से भारत ने इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। ज्ञान दत्तू टीटी ने शनिवार को अंडर-17 वर्ग में लड़कों की एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

## टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, इसे मिली कप्तानी



लाहौर (एजेंसी)। तेज गेंदबाज फातिमा सना को आगामी महिला टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम का कप्तान बनाया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्वकप 2024 के लिए तेज गेंदबाज फातिमा सना को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया है। उन्हें निदा डार की जगह कप्तान बनाया गया है।

22 वर्षीय फातिमा के लिए यह पहला अवसर होगा जब वह किसी भी आईसीसी स्पर्धा इवेंट में पाकिस्तान की कप्तानी करेंगी। उन्होंने पहले दो बार एकदिवसीय पाकिस्तानी टीम का नेतृत्व किया है। इस मुकाबले में पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड पर जीत हासिल की थी। राष्ट्रीय चयन समिति के द्वारा कप्तानी में किए गए इस बदलाव के अलावा पाकिस्तान की टीम पहले की जैसी ही है।

पिछले महीने उनकी जो टीम महिला टी-20 एशिया कप कि लिए गई थी, उसमें बस एक बदलाव किया गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज नाजिहा अल्वी की जगह बल्लेबाज सदफ शमास को टीम में शामिल किया गया है। सदाफ वर्ष 2023 के महिला टी-20 विश्वकप में भी टीम का हिस्सा थीं। उल्लेखनीय है कि महिला टी-20 विश्वकप तीन अक्तूबर से शुरू होगा। पाकिस्तान ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ है। बंगलादेश में राजनीतक अस्थिरता के कारण टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया गया है लेकिन अभी तक टूर्नामेंट के संशोधित कार्यक्रम की घोषणा नहीं की गई है।

### महिला टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम इस प्रकार है

फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली (विकेटकीपर), नश्रा संधु, निदा डार, ओमाइमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल (फिटनेस के आधार पर), सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मीया रबाब और तूबा हसन।

## मैंच में दिखाई दिया बेन स्टोक्स का हमशक्ल




नई दिल्ली। मैनचेस्टर में चल रहे इंग्लैंड बनाम श्रीलंका के पहले टेस्ट में बेन स्टोक्स के हमशक्ल की खूब चर्चा हो रही है। स्टोक्स चोटिल है, इस कारण टेस्ट के दौरान इंग्लैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी ओली पोप कर रहे हैं। टेस्ट के तीसरे दिन प्रशंसकों को स्टोक्स का हमशक्ल स्टैंड में दिखाई दिया। उक्त हमशक्ल को देखकर फैंस भी खूब हैरान थे। वहीं, स्टैंड में ही बैठे बेन स्टोक्स द्वारा अपने हमशक्ल को किया इशारा भी दर्शकों का ध्यान खींचने में सफल रहा। स्टोक्स जैसा दिखने वाला यह खिलाड़ी पहली बार पिछले महीने नॉटिंघम में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे टेस्ट के दौरान भी सुर्खियों में आया था। इंग्लैंड बनाम श्रीलंका पहले टेस्ट में वह आया, कैमरे की नजर हमशक्ल पर पड़ी। उक्त फैंस ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम की टेस्ट जर्सी पहनी हुई थी। हमशक्ल ने अपनी टेस्ट जर्सी दिखाई जिसप नंबर 55 और स्टोक्सी लिखा था। इसके बाद चारो ओर खुशी और मुस्कुराहट छा गई।

## पैरालंपिक: अवनी अब पेरिस खेलों में भी अपने कारनामें दोहराने को तैयार



नई दिल्ली (एजेंसी)। 11 साल की उम्र में कार दुर्घटना के कारण कमर के नीचे का हिस्सा लकवाग्रस्त होने के बाद व्हीलचेयर की मदद से चलने वाली पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनी लेखरा अपने माता-पिता की शुक्रगुजार हैं जिनकी सलाह पर उन्होंने निशानेबाजी में हाथ आजमाना शुरू कर दिया है। अवनी तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में एसएच1 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतने के बाद देश की सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरने वाली पैरा खिलाड़ी बनी थी।

उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में दस मीटर एयर राइफल में स्वर्ण और 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक जीता था। पैरालंपिक निशानेबाजी स्पर्धा में देश की पहली स्वर्ण पदक विजेता अवनी अब पेरिस खेलों में अपने कारनामों को दोहराने के लिए तैयार है। अवनी अपने परिवार के कहने पर खेलों से जुड़ी और निशानेबाजी ने उन्हें दुर्घटना से मिले आघात से उबरने में मदद किया। अवनी ने तीरंदाजी में अपना हाथ आजमाने के बाद 2015 में गर्मियों की छुट्टियों के दौरान जयपुर के केंद्रीय विद्यालय नंबर तीन में निशानेबाजी का अभ्यास शुरू किया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। अवनी ने एक साक्षात्कार में कहा कि दुर्घटना से पहले मैं किसी भी खेल में नहीं थी और उसके बाद भी मैं किसी भी खेल से जुड़ने के बारे में बिल्कुल नहीं सोच रही थी। लेकिन मेरे माता-पिता हमेशा सोचते थे कि मुझे पढ़ाई के अलावा कुछ और भी करना चाहिए।

दुर्घटना के दो साल बाद मैं अपने स्कूल में वापस गई। उन्होंने कहा कि उनके पास क्षेत्रीय खेल और राष्ट्रीय खेल का विकल्प था, इसलिए मेरे माता-पिता ने भी मुझे किसी खेल से जोड़ने के बारे में सोचा और फिर मैंने 2015 में अपनी गर्मियों की छुट्टियों के दौरान वहां तीरंदाजी और निशानेबाजी में हाथ आजमाया। उन्होंने कहा कि मुझे निशानेबाजी करना ज्यादा पसंद आया क्योंकि यह एक इनडोर गेम है, मैंने सोचा 'ठीक है, चलो शुरू करें। फिर मैंने प्रतिस्पर्धा करना शुरू कर दिया, इसे पसंद करने लगी उसके बाद चीजें आगे बढ़ती गईं।

अवनी ने कहा कि मैं प्रतियोगिता के दौरान चीजों को अभ्यास की तरह ही रखना पसंद करती हूं। अगर किसी मैच में कुछ होता है तो मैं प्रशिक्षण के दौरान इसे आजमाती हूं ताकि जब मैं किसी प्रतियोगिता में जाऊं तो मुझे कुछ नया महसूस ना हो। अवनी ने अपनी सफलता का श्रेय कोच चंद्र शेखर को भी दिया।

समाचार गेट
TITLE CODE: HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर-6 नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, वल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक, कृष्णा शर्मा। सम्पादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, वल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: ब्रह्मदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : samachargate@gmail.com

